**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 05 |

## एक नजर

### गुरुद्वारा नवाबगंज में समागम 4 अगस्त को

**कानपुर।** गुरुद्वारा नवाबगंज में 4 अगस्त को रागी भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब वाले समागम में संगत को निहाल करेंगे। गुरुद्वारा के प्रधान सरदार मान सिंह बग्गा ने बताया कि 4 अगस्त को सुबह से रात तक समागम चलेगा, जिसमें रागी जत्थे अपने शबद गायन से संगत को निहाल करेंगे।

### कल अभिषेक बच्चन शहर आएंगे



**कानपुर।** फिल्म स्टार अभिषेक बच्चन शनिवार को कानपुर आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम को फिलहाल भीड़ से बचाने के लिए गुप्त रखा गया है। जानकारी के मुताबिक अभिषेक बच्चन का चार्टर्ड प्लेन सुबह 9 बजे कानपुर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद अभिषेक बच्चन दोपहर 2.30 बजे कानपुर से वापस होंगे।सूत्रों ने बताया कि अभिषेक बच्चन एक औद्योगिक प्रमोशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

❍ ग्वालटोली थानाक्षेत्र में झूला पार्क के पास हुआ हादसा, तीन युवक झुलसे ❍ चिंगारियां गिरीं, भीड़ में मची अफरा-तफरी, लोगों ने जताया आक्रोश

# हाईटेंशन लाइन से टकराया लोहे का अलम, किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृच विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में गुरुवार शाम मोहर्रम जुलूस में शामिल होने जा रहे किशोर और तीन युवक हाईटेंशन लाइन में लोहे का 35 फीट ऊंचा अलम छू जाने से बुरी तरह से झुलस गए। भीड़ में अफरातफरी मच गई।



मो. सैफ।

लोग झुलसे किशोर और युवकों को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया, वहीं तीनों झुलसे युवकों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। सूचना पाकर एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था, डीसीपी पश्चिम, एडीसीपी, एसीपी (सेंट्रल), एडीसीपी एलआईयू ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आक्रोशित परिजनों ने जुलूस होने के बाद भी लाइट चालू होने का आरोप लगाकर केस्को को कोसा। अधिकारियों ने जांच कराने की बात कही।



घटना की जानकारी करते शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुददूस हादी। अमृत विचार

बेनाझाबर निवासी मोहम्मद शाहिद का 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सैफ, यहीं के निवासी राजे का 19 वर्षीय पुत्र रिहान, खलासी लाइन निवासी मोहम्मद एजाज का 22 वर्षीय पुत्र ईशान और ग्वालटोली निवासी 20 वर्षीय सलमान गुरुवार शाम 4.45 बजे ग्वालटोली थानाक्षेत्र में चौथी मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने जा रहे थे। जमुना पेड़े वाले के पास हाईटेंशन बिजली की लाइन से उनका अलम टकरा गया। अलम लेकर चल रहा सैफ रिहान और ईशान छटपटाकर बुरी तरह से झुलसकर सड़क पर गिर गए। वहीं सलमान को हल्की चोटें आई हैं। अलम के एचटी लाइन में टकराने से तेज स्पार्किंग हुई। जिसके भीड़ में अफरातफरी मच गई। चारों झुलसे लोगों को उर्सला अस्पताल इमरजेंसी पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में डॉक्टर ने मो सैफ को मृत घोषित कर दिया वहीं ईशान और रिहान का इलाज किया जा रहा है, वहीं सलमान को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर, डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी संतोष कुमार मीना, एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव, एसीपी आशुतोष कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीसीपी एलआईयू और एसीपी कोतवाली उर्सला अस्पताल पहुंचे और घायलों और उनके परिजनों से जानकारी ली। परिजनों ने आक्रोश जताया कि केस्को की लापरवाही के कारण सैफ की जान चली गई है। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये मुआवजे की केस्को से मांग की है। एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव ने परिजनों से कहा कि हर मीटिंग में अलम में लोहे के पाइप के इस्तेमाल से मना किया गया था लापरवाही बरती गई।

### रूट नहीं था तय, अलम की लंबाई भी थी अधिक

**कानपुर।** अलम हादसे के बाद अधीक्षण अभियंता रवि चंद्र श्रीवास्तव व केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बिजली घर, ग्वालटोली, नवाबगंज के जेई और एई के साथ निरीक्षण किया। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक जहां से बच्चे निशान लेकर निकले थे, वह रूट तय नहीं था। इसलिए वहां पर शटडाउन नहीं लिया गया था। जहां पर रूट तय था, उन सब जगहों पर शटडाउन लिया गया था। किशोर जो अलम की रॉड लिए था वो स्टील की थी और मानक से ज्यादा बड़ी भी थी। इसलिए हादसा हुआ। केस्को नियम के तहत मृतक के परिवार को मुआवजा देगा।



परिजनों से घटना की जानकारी लेते एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव व एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार। अमृत विचार

### तड़पता रहा लेकिन किसी ने नहीं लगाया हाथ

- सैफ के परिजनों का आरोप था कि वह लोहे के ऊंचे 35 फीट अलम को लेकर पेट से घुमा रहा था इसी दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया। झुलसने के कारण वह सड़क पर गिर गया और चिल्ला-चिल्लाकर तड़पता रहा। उस दौरान वहां खड़े एक भी पुलिसकर्मी उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाने के लिए आगे नहीं बढ़े। इस दौरान जुलूस में शामिल ग्वालटोली का एक व्यक्ति आया उसने उसे गोद में उठाया और जीप में डाला इसके बाद उसे उर्सला अस्पताल पहुंचाया गया।

### भाई वो बोल नहीं रहा है...

घटना में अपने भांजे मोहम्मद सैफ को खोने के बाद मामा मोहम्मद इम्तियाज का रो-रोकर बुरा हाल था। दोस्त उसे ढांढस बंधाकर रहे थे। उसका कहना था कि भाई वो कुछ बोल नहीं रहा है, अल्लाह ने उसे इतनी बड़ी सजा क्यों दे दी।



दोस्त के कंधे पर सिर रखकर बिलखते सैफ के मामा।

### परिजनों को मुआवजा दिलाएंगे : शहरकाजी

- शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी उर्सला अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत करने के साथ ही पीड़ित परिजनों से भी बात की। शहरकाजी ने बताया कि प्रशासन से बात हो रही है कि मृतक युवक के परिजनों और घायलों को मुआवजा मिल सके। उन्होंने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस ने इस मामले में बहुत सराहनीय कार्य किया है।

### परिजनों ने जताई नाराजगी

- जुलूस के दौरान बिजली की लाइन चालू होने को लेकर आपत्ति जताई गई। परिजनों का कहना था कि जब थाने में हुई मीटिंग के दौरान बिजली बंद करने की बात तय की गई थी तो बिजली कैसे चालू थी। परिजनों ने पांच लाख रुपये के मुआवजे की मांग की, जिसे कुछ देर बाद प्रशासन ने मान लिया। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

# ग्वालटोली के जुलूस से वीआईपी रोड रही जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार शाम ग्वालटोली मकबरा से निकले मोहर्रम के जुलूस से लालइमली से ग्वालटोली चौराहा व भैरवघाट चौराहे से ग्वालटोली वाला रास्ता बंद कर दिया गया, जिससे वीआईपी रोड पर भीषण जाम लग गया। मर्चेंट चेंबर से लाल इमली जाने वाली रोड पर वाहनों के पहिए थम गए।

ग्वालटोली मकबरा से गुरुवार शाम को अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस के कारण हैनीमैन चौराहा से होकर ग्वालटोली जाने वाले रास्ते पर रोक लगा दी गई। लाल इमली चौराहे से आने वाला ट्रैफिक मर्चेंट चेंबर चौराहे होकर निकला। साथ ही भैरव घाट चौराहे से ग्वालटोली होकर, चुन्नीगंज, बृजेंद्र स्वरूप पार्क की ओर जाने वाले वाहन भी अलम के जुलूस में फंस गए। धीरे-धीरे जाम बढ़ते हुए रेवथ्री तिराहे से सरसैया घाट तक पहुंच गया। उधर राहगीरों ने लाल इमली से मर्चेंट चेंबर होकर जाने का प्रयास किया, लेकिन वह फंस गए। वीआईपी रोड से कनेक्टिंग सभी मार्गों में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई।



वीआईपी रोड पर लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार

# कूड़े से खाद न बनाने पर 89 को नोटिस

- शहर में पहली बार कंपोस्टिंग न करने पर की गई कार्रवाई
- नगर निगम ने चेतावनी भी दी, कंपोस्टिंग होगी अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में पहली बार कूड़े से खाद न बनाने (कंपोस्टिंग) पर नगर निगम ने होटल लैंडमार्क समेत 89 को नोटिस भेजा है। कंपोस्टिंग न करने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी करने को चेताया गया है। इससे पहले शहर में जहां से कूड़ा ज्यादा निकलता है उनको कंपोस्टिंग करना अनिवार्य था। निर्देश के बाद प्रतिष्ठानों और बड़े अपार्टमेंट में यह कार्य किया गया लेकिन बाद में बंद कर दिया गया। जिसपर इस तरह की पहली कार्रवाई शहर में की गई है। अधिकारियों के माने तो अब लगातार इसकी मॉनीटरिंग की जायेगी।

नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अमित सिंह ने बताया कि शहर के बड़े वेस्ट जेनरेटर को खुद से कंपोस्टिंग करने या नगर निगम द्वारा तैनात एजेंसी से कंपोस्टिंग करानी थी। लेकिन, होटल, रेस्टोरेंट और शहर के बड़े अपार्टमेंट ने कुछ समय तक किया, लेकिन अब बंद कर दिया गया। जिनको नोटिस भेजा गया है उनमें लैंडमार्क, रिजेंटा, प्रिस्टीन जैसे बड़े होटल शामिल हैं। इसके अलावा श्याम कृपा, रतन आर्बिट, एमरॉल्ड समेत कई सोसाइटियों को भी नोटिस भेजा गया है।

### कम्पोस्ट क्यों जरूरी

कम्पोस्ट खाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है। इसके उपयोग से मिट्टी की जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण पर दूषित प्रभाव नही पड़ता है तथा लाभदायक बैक्टीरिया ,कीट आदि सुरक्षित रहते हैं। जिससे फसल की गुणवत्ता में सुधार करता है। अधिकारियों ने बताया कि कम्पोस्ट एक प्रकार की खाद है जो जैविक पदार्थों के अपघटन एवं पुन :चक्रण से प्राप्त की जाती है।

# शिवाला के कैलाश मंदिर पर गिरी बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिखर क्षतिग्रस्त, गर्भगृह में मौजूद 15 से 20 श्रद्धालु हुए दहशतजदा, पुजारी को लगा झटका
- मंदिर के साथ आसपास के घरों में टीवी, पंखे, कूलर फुंके, एलइडी, ट्यूबलाइट के साथ सीसी कैमरे फूटे

**अमृत विचार।** शिवाला स्थित कैलाश मंदिर के शिखर पर गुरुवार सुबह बिजली गिरने से हड़कंप मच गया। इस घटना के समय मंदिर के गर्भगृह में मौजूद लोग किसी अनहोनी की आशंका से दहशत में आ गए। पुजारी ने टार्च निकालने का प्रयास किया तो उन्हें करंट का तेज झटका लगा। मंदिर के शिखर पर गिरी बिजली नीचे तक पहुंची। इससे मंदिर के शिखर पर प्लास्टर और नीचे कुछ ईंटे उखड़ गईं। हालांकि मंदिर को किसी प्रकार का और कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

कैलाश मंदिर के पुजारी आदित्य कुमार तिवारी ने बताया कि सुबह 5.30 बजे मंगला आरती के बाद नियमित दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए पट खोल दिए थे। 15-20 श्रद्धालु आए थे, जिनमें चार-पांच महिलाएं थीं। इसी बीच बारिश होने लगी। अचानक बम के धमाके जैसी आवाज के साथ मंदिर परिसर में अंधेरा छा गया। टार्च जलाने के लिए अलमारी खोलने का प्रयास किया तो करंट का झटका लगा। मंदिर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आकाश में तेज कड़क के साथ चमका प्रकाश पुंज सीधे मंदिर के शिखर से टकराया, इससे विस्फोट हुआ। बिजली की चमक नीचे तक आई, जिससे मलबा नीचे आ गिरा। मंदिर में बिजली के उपकरण और तार जल गए। इस घटना से परिसर के चारों तरफ रहने वाले लोगों के घरों में बिजली के उपकरण फुंक गए। मनीष तिवारी के इनवर्टर की बैट्री तेज धमाके के साथ फट गई। विनीत सिंह, अविनाश चंद्र बाजपेई, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष पाठक, अभिनव बाजपेई के घरों में टीवी, बिजली के उपकरण, पंखे, कूलर, एलइडी बल्ब व ट्यूबलाइट फुंक गए। मंदिर के सामने अजय त्रिवेदी की दुकान में सीसी कैमरे लगे थे, जो तेज आवाज के साथ फूट गए। लोगों ने बताया कि मंदिर से 50 मीटर दूरी पर कोतवाली भवन में तड़ित चालक लगा है। अगर बिजली तड़ित चालक की तरफ गिरती तो सीधे धरती के नीचे पहुंच जाती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



शिवाला कैलाश मंदिर पर जुटे भक्त। अमृत विचार

# ‘हीट अंबरैला’ से बढ़ा ‘पैची रेन’

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वाहनों और एसी के अत्यधिक इस्तेमाल से बदला बारिश का पैटर्न
- पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली गैसों ने वायुमंडल में बनाई गर्म परत

**अमृत विचार।** इस बार मानसून ‘पैची रेन’ और ‘हीट अंबरैला’ का शिकार हो रहा है। इन दोनों वजह से शहर में एक ही समय में कुछ हिस्सों में बारिश तो कुछ में सिर्फ बूंदाबादी ही हो रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इसका कारण शहर में बढ़ते वाहन और एसी का इस्तेमाल है। इनसे उत्पन्न होने वाली पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली गैसें वायुमंडल में एक गर्म परत (हीट अंबरैला) बना रही हैं, जो बादलों को बरसने से रोक रही हैं। ऐसे में बिखरे बादलों से पैची रेन हो रही है।

मानसून के दौरान शहर में एक ही समय पर बारिश और सूखा लोगों में चर्चा का विषय है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन गैसों की वजह से होने वाले जलवायु परिवर्तन के कारण यह स्थिति बनी है। इसकी प्रमुख वजह एसी व वाहनों का अत्याधिक प्रयोग है। इनसे निकली गैसों का का गुबार वायुमंडल में बादलों को प्रभावित कर रहा है। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से मौसम व बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है। इसके कारण 70 से 100 किलोमीटर दायरे वाले क्षेत्र में ही बारिश में एकरूपता नहीं है। शहर में भी इसी कारण पैची रेन जैसी स्थिति बन रही है।

**शहर में इस माह हुई बारिश**

| जुलाई | वर्षा (मिमी) |
|---|---|
| 5 | 1.6 |
| 6 | 12.6 |
| 7 | 16.5 |
| 10 | 1.0 |
| 11 | 1.6 |

### पर्यावरण से खिलवाड़

शहर में अत्यधिक निर्माण, हरियाली कम होना, वाहनों और एसी का ज्यादा प्रयोग, बारिश के जल का भूजल में न परिवर्तित होना, वह कारण हैं, जिनकी वजह से ग्रीन गैस मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, क्लोरो फ्लोरा कार्बन, नाइटस पर्यावरण को प्रभावित कर रही है। इसका असर मौसम और मानसून पर पड़ रहा है।

**यात्री सुविधा** | पहले चरण में 11 प्रमुख मार्गों पर 40 से अधिक रोडवेज बसों का संचालन शुरु हुआ

# सिग्नेचर सिटी बस अड्डे से सुबह 7 बजे मिलेगी अयोध्या की बस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विकास नगर स्थित सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे से बसों का संचालन गुरुवार को शुरु हो गया। परिवहन मंत्री के लेट होने के कारण ये बसें सुबह 11 बजे के बजाये देर शाम रवाना हो सकीं। अयोध्या के लिए इस बस अड्डे से प्रतिदिन सुबह 7 बजे बस चलेगी, जिसका किराया 386 रुपये है।

गुरुवार को सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे पर परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या की बस को रवाना किया। परिवहन मंत्री ने पहले बस अड्डे पर पौधरोपण किया और फिर बसों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने मेहमानों का स्वागत किया। आरएम ने बताया कि अयोध्या के लिए हर रोज सुबह 7 बजे बस रवाना होगी जो दोपहर 1 बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में ये बस अयोध्या से कानपुर के लिए दोपहर 3 बजे रवाना होगी और रात 9 बजे कानपुर आ जाएगी। इस बस का किराया 386 रुपये है। इस अवसर पर इलेक्ट्रिक बसों के निदेशक डीवी सिंह, आरएम अनिल कुमार, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, एआरएम मो.अशफाक, महेश कुमार, तराम लवट, सुनीत कुमार अग्रवाल, प्रभात चौधरी के अलावा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक व अधिकारी मौजूद रहे।

### सिग्नेचर बस अड्डे से वाया गंगा बैराज सेवाएं

- कानपुर-चारबाग साधारण बस सुबह 6.30 बजे मिलेगी।
- कानपुर-अयोध्याधाम साधारण बस सुबह 7 बजे मिलेगी।
- कानपुर-चारबाग एसी बस सुबह 9 बजे, 10 बजे, दोपहर 2.30 बजे, दोपहर 3 बजे मिलेगी।
- कानपुर-बिधूना साधारण बस सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक मिलेंगी।
- कानपुर-एटा-दिल्ली साधारण बस दोपहर 1.35 बजे से मिलेगी।
- कानपुर-एटा-दिल्ली एसी बस रात 8.30 बजे मिलेगी।
- कानपुर-बिधूना-दिल्ली दोपहर 12 बजे से मिलेगी।
- कानपुर-हरिद्वार साधारण सुबह 10.30 बजे, शाम 4.30 बजे मिलेगी।
- इसके अलावा कानपुर हल्द्वानी, मैनपुरी, आगरा वाया मैनपुरी, फरुर्खाबाद, दिल्ली वाया सौरिख, दिल्ली वाया सुखसैनपुर, दिल्ली वाया परियर, दिल्ली वाया मल्लावां, कानपुर बरेली, मनावां माती, किशनी दिल्ली, ठठिया दिल्ली, एरवा कटरा, संडीला दिल्ली, सुरसी दिल्ली, औसेर दिल्ली, दिबियापुर, उमरैन, औनहा और कानपुर-लखनऊ-शिवली की बसों का संचालन होगा।

- गंगा बैराज मार्ग से चलेंगी बसें, पूछताछ के लिए 87260-05857 डायल करें

### सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे पर यात्री सुविधाएं

- गुरुदेव चौराहा से गंगा बैराज मार्ग पर मात्र 2.40 किमी की दूरी पर ये बस अड्डा है।
- शीतल पेयजल, फूड कोर्ट, डॉरमेट्री, बसों की समय सारिणी, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड है।
- पूछताछ काउंटर मोबाइल नंबर 87260-05857
- महिला, पुरुष दिव्यांग यात्रियों के लिए सुलभ शौचालय, स्नानघर।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए रैम्प/ व्हीलचेयर।
- सीसीटीवी के माध्यम से बस अड्डे की निगरानी।
- एमएसटी काउंटर की सुविधा भी जल्द।
- वॉटर एवं बैंक एटीएम (प्रस्तावित)



बसों को हरी झंडी दिखाते मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक व अधिकारी। अमृत विचार

### जाम से राहत, एक घंटे का समय बचेगा

लखनऊ मार्ग से गंगापुल जाजमऊ होते हुए झकरकटी बस अड्डा पहुंचने में बसों को जाम के कारण जाजमऊ से डेढ़ घंटे तक लग जाता है, अब लखनऊ जाने वाली बड़ी संख्या में बसें सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे से वाया गंगा बैराज, मरहला चौराहा होते हुए लखनऊ निकल जाएंगी। झकरकटी बस अड्डे पर बसों का बोझ कम होगा जिससे यातायात का दबाव कम होगा। आईआईटी, विश्वविद्यालय, एचबीटीयू, सीएसए के छात्र/छात्राओं, स्टॉफ एवं आसपास जैसे कल्याणपुर, आवास विकास, गुरुदेव, विकास नगर , आजाद नगर, काकादेव, नवाबगंज, स्वरुप नगर, कंपनी बाग चौराहा आदि क्षेत्रों के लोगों को अब झकरकटी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यहीं से बस मिल जाएगी।

# बसें अनफिट मिलीं तो चालक, मालिक को दंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन बार चालान तो चौथी बार पंजीयन रद कर दिया जाएगा
- उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** रूट पर अनफिट बसें मिलीं तो चालक के साथ साथ वाहन स्वामी पर भी कार्रवाई होगी। ये कहना है कि उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह का। उन्होंने कहा कि तीन बार किसी वाहन का चालान होगा तो चौथी बार वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जाएगा।

सिग्नेचर ग्रीन बस अड्डे का उद्घाटन करने पहुंचे परिवहन मंत्री ने उन्नाव स्लीपर बस हादसे पर बोले कि यूपी की अनफिट बसें नहीं चल रही हैं बल्कि बिहार, उड़ीसा, कनार्टक जैसे राज्यों की अनफिट बसें यूपी की सड़कों पर दौड़ रही हैं जिनकी जांच करके उन्हें सीज किया जाएगा। यूपी के बाहर की बसें ही हादसे को दावत दे रही हैं। उन्होंने परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसों की चेकिंग करें और जो बसें अवैध रूप से दौड़ रही हैं, उन्हें सीज कराएं।

### सुबह के बजाय रात में पहुंचे मंत्री, यात्री लौटे

**कानपुर।** गुरुवार को सुबह 11 बजे यूपी के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह को सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे के उद्घाटन के लिए आना था लेकिन मंत्री रात 8 बजे पहुंचे। इस दौरान अयोध्या समेत विभिन्न जिलों में जाने वाले यात्रियों को मायूसी हाथ लगी। गुरुवार को अयोध्या की बस को हरी झंडी दिखाने के लिए सबसे आगे रखा गया था। परिवहन मंत्री ने रात 8 बजे बसों को हरी झंडी दिखाई जिससे अयोध्या जाने के लिए यात्री नहीं मिले। इक्का दुक्का यात्री ही बस से जा सके।

# ठगों का अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ा गया, सरगना हैं जीजा-साले

- क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर करते थे ठगी
- एनसीआरबी के प्रतिबिंब पोर्टल से साइबर क्राइम ब्रांच को मिली सफलता
- आगे डॉग फूड की दुकान और पीछे चल रहा था ठगी का कॉल सेंटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस के एनसीआरबी के प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से कानपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। ठग काकादेव थानाक्षेत्र में किराये पर शारदा डॉग एंड कैट फूड्स के नाम से दुकान खोले थे, जहां से फूड की सप्लाई करते थे। इसके पीछे एक कॉल सेंटर था जहां से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने और रिवार्ड प्वाइंट्स रिडीम कराने के नाम पर क्रेडिट कार्ड धारकों से ठगी की जा रही थी। साइबर क्राइम ब्रांच ने गिरोह का संचालन कर रहे जीजा-साले और कॉल सेंटर में कॉल कर लोगों को जाल में फांस कर ठगी करने वाली दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने गिरोह का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया है।

डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने खुलासा करते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच प्रतिबिंब पोर्टल पर काम कर रही थी कि इसी दौरान मथुरा के एक पीड़ित की बड़ी साइबर ठगी की जानकारी हुई। प्रतिबिंब से जब इसके नंबर क्राइम ब्रांच को मिले तो इस पर काम करना शुरू किया गया। काकादेव के शारदा डॉग कैट फीड्स की जानकारी क्राइम ब्रांच को गूगल मैप पर हो गई। डीसीपी ने बताया कि और जानकारी की गई तो पता चला कि ये गिरोह क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने और रिवार्ड प्वाइंट्स रिडीम कराने के नाम पर क्रेडिट कार्ड धारकों से ठगी करते हैं। इस दौरान छापेमारी की गई तो नौबस्ता हंसपुरम निवासी अभिषेक प्रताप सिंह और अभिषेक का साला कल्याणपुर निवासी अरुण प्रताप सिंह पुलिस के हत्थे चढ़ गए। दुकान के अंदर जाकर देखा तो रावतपुर गांव निवासिनी विभा सिंह और नई बस्ती आदर्श नगर रावतपुर निवासिनी शिवांशी कॉल सेंटर में लोगों को कॉल कर ठगी के जाल में फंसाती मिल गईं। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया।



शातिर अभिषेक और अरुण।

### इस तरह से देते थे वारदात को अंजाम

- डीसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपियों ने जस्ट डॉयल से 5 पैसे प्रति डेटा के हिसाब से डेटा खरीद लिया था। पकड़ी गई दोनों महिलाओं को रोज 100 से 200 कॉल करने का टारगेट था। इनको लिस्ट दी जाती थी कॉल कर ये नंबरों के सामने उनका रेस्पांस लिखती थीं। क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड प्वाइंटस रिडीम करने के लिए 8 से 10 हजार रुपये के गिफ्ट वाउचर देने का लालच देकर पर्सनल डिटेल लेती थी। फिर किसी थर्ड पार्टी एप (यूनो) को डाउनलोड कर ओटीपी ले लेती थीं। क्रेडिट कार्ड से अकाउंट में पैसे डालने के लिए विभिन्न पेमेन्ट सर्विस एप (नोब्रोकर, फोन पे, हाउजिंग डाटा डॉट कॉम, मोबिक्विक) का इस्तेमाल कर फर्जी खातों में रुपये ट्रांसफर कर लेते थे।

### ये सामान हुआ बरामद

- डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास से 11 मोबाइल, 21 सिमकार्ड, 1 पेन ड्राइव, एक लैपटॉप, 1 स्टांप मोहर, 15 डेबिट, क्रेडिट कार्ड, जानकारियों से भरी पांच नोटबुक बरामद हुई हैं।

"किसी भी तरह का लालच न करें। कोई भी कंपनी या व्यक्ति आपको बेवजह कुछ नहीं देता है। साइबर ठग आपके लालच और जानकारी न होने का फायदा उठाते हैं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी कतई न दें। अगर कोई वारदात होती है तो पहले 1930 पर घटना की जानकारी जरूर दें।"

**-आशीष श्रीवास्तव, डीसीपी क्राइम**

### 3 साल में कई करोड़ की कर चुके ठगी

डीसीपी ने बताया कि गिरोह का सरगना अरुण सिंह है। जो दिल्ली में रहकर दो वर्ष कॉल सेंटर में काम किया। 2018 में साइबर फ्रॉड के मामले में तिहाड़ जेल गया। 2020 में कानपुर वापस आ गया। अरुण बीसीए किए है। दिल्ली में ठगी सीखने के बाद उसने कानपुर में आकर काम शुरू कर दिया। बाद में अपने साले को भी साइबर ठगी की इस वारदात में शामिल कर लिया। तीन वर्ष में शातिर जीजा-साले ने कई करोड़ की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इन दोनों के बारे में और जानकारियां हासिल की जा रही हैं।

## गोरखपुर भेजा कोच, जहां का सांप वहीं निकालें

**कानपुर।** यात्रियों को रवाना करने के बाद गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस 15067 का वह कोच जिसमें सांप निकला था, उसे गोरखपुर भेज दिया गया। स्टेशन पर इस बात की चर्चा रही कि जहां का सांप है, वहीं पर उसे निकाला जाए।

- गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस में सांप होने का मामला

गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस 15067 के बी-थ्री कोच में बुधवार को सांप होने का शोर मचा था। एक यात्री ने सांप को लखनऊ में देखा था। इसके बाद सेंट्रल आने पर यात्रियों के हंगामे के बाद उस कोच को काटकर अलग कर दिया गया था जिसमें सांप दिखने की बात कही गई थी। गुरुवार को चर्चा इस बात की भी रही कि सांप चलती ट्रेन में आखिर कैसे चढ़ सकता है। इसका मतलब सांप गोरखपुर से जब ट्रेन चली, उससे पहले उसमें आकर बैठ गया होगा। वह देखा लखनऊ में गया है। इसके बाद कोच को गोरखपुर भेजने की तैयारी होने लगी और बगैर सांप निकाले कोच को गोरखपुर के लिए भेज दिया गया। गुरुवार को चर्चा चली और लोगों ने कहा कि सेंट्रल स्टेशन ने ठीक किया, जिसका सांप वही निकाले। यहां सांप को निकालने का ही काम बचा है क्या। इतना जरूर है कि बारिश को देखते हुए अब रेलवे कर्मचारी लाइनों पर निगरानी करने लगे हैं।

# कालिंदी एक्सप्रेस से युवक को खींचकर किया अगवा, पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर स्टेशन पर युवक को जमकर पीटने के बाद टांगकर ले गए
- अपहरण का वीडियो वायरल होने पर उत्तरीपुरा के पास छोड़कर भागे
- पीड़ित युवक ने फर्रुखाबाद जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज कराया

**अमृत विचार।** कल्याणपुर स्टेशन पर 10-12 युवकों ने कालिंदी एक्सप्रेस से खींचकर युवक को अगवा कर लिया। युवकों ने प्लेटफार्म पर पहले उसे जमकर पीटा, फिर टांगकर जीटीरोड पर खड़ी कार तक ले गए और फरार हो गए। घटना का वीडियो वायरल होने पर आरोपी अगवा युवक को उत्तरीपुरा के पास छोड़कर भाग निकले। अनवरगंज जीआरपी को सूचना देने के बाद पीड़ित युवक ने फर्रुखाबाद के थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।



उत्तरीपुरा के पूरा गांव निवासी विमल कुमार दुबे का बेटा अक्षय कुमार प्रतिदिन नौकरी पर कल्याणपुर स्टेशन तक ट्रेन से आता है। गुरुवार को भी अक्षय शिवराजपुर से कालिंदी एक्सप्रेस से कल्याणपुर स्टेशन सुबह करीब सवा नौ बजे पहुंचा। अक्षय के अनुसार जब वह ट्रेन से उतर रहा था, तभी प्लेटफार्म पर खड़े 10-12 युवकों ने उसे खींच लिया और पीटने लगे। इसके बाद टांगकर जीटीरोड पर खड़ी कार में डालकर ले गए।

स्टेशन से युवक का अपहरण का वीडियो वायरल होने पर पुलिस सक्रिय हो गई तो आरोपी युवक को उत्तरीपुरा के पास कार से उतारकर भाग निकले। पीड़ित अक्षय के अनुसार आरोपी युवक कार में उसे पीटते ले गए। सभी के पास धारदार हथियार भी थे। चिल्लाने पर मुंह में तमंचा डाल दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद कल्याणपुर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने जीआरपी का मामला बताकर अनवरगंज भेज दिया। इधर से उधर चक्कर लगाने के बाद जीआरपी अनवरगंज ने तहरीर ली।

जीआरपी अनवरगंज चौकी इंचार्ज शाम को मुकदमा दर्ज कराने के लिए उसे फर्रुखाबाद जीआरपी थाने ले गए। अक्षय के अनुसार राधन गांव निवासी हिमांशु द्विवेदी उससे रंजिश रखता है। जब वह कल्याणपुर स्टेशन पहुंचा तो हिमांशु के साथ प्रकुल, राजेश, भइया और आयुष और गूबा गार्डेन निवासी आशुतोष यदुवंशी पहले से मौजूद थे। उसे ट्रेन से खींचकर पीटा और अगवा कर ले गए। अनवरगंज जीआरपी चौकी इंचार्ज सुदेश कुमार ने बताया कि अपहरण और मारपीट की धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले की जांच की जा रही है।

### यात्रियों ने नहीं किया विरोध

अक्षय के अनुसार प्लेटफार्म यात्रियों से भरा था, मगर आरोपियों के पास धारदार हथियार और असलहा होने के कारण कोई विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। कुछ लोगों ने चोरीछिपे वीडियो बनाया। इक्का-दुक्का लोगों ने विरोध करने की हिम्मत की, मगर आरोपियों के धमकाने पर किनारे हो गए।

### दिनभर चला सीमा विवाद का मामला

स्टेशन से एक युवक को अगवा कर लिया, इस मामले में कार्रवाई के बजाय जीआरपी और कल्याणपुर पुलिस दिनभर सीमा विवाद को लेकर उलझी रहीं। पीड़ित युवक ने कल्याणपुर थाने में तहरीर दी। इसके बाद अनवरगंज और कल्याणपुर के बीच चक्कर लगाता रहा। बाद में अधिकारियों के दखल पर सुनवाई हुई और अनवरगंज जीआरपी शाम को युवक को लेकर फर्रुखाबाद थाने गई।

# कलेक्ट्रेट के फूड सैंपल स्टोर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह कलेक्ट्रेट में स्थित फूड सैंपल स्टोर में भीषण आग लग गई। लपटें और धुआं उठता देखकर वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। लाटूश रोड और कर्नलगंज से पहुंची दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि कलेक्ट्रेट में भूतल पर फूड सैंपल स्टोर है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे शार्ट सर्किट से उसमें आग लग गई थी। स्टोर से आग की लपटें और धुआं उठता देखकर किसी कर्मचारी ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जिसके बाद लाटूश रोड अग्निशमन अधिकारी कैलाश चंद्रा और कर्नलगंज फायर स्टेशन से एक अन्य गाड़ी मौके पर पहुंची। जवानों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।



आग को बुझाते दमकलकर्मी।

## विपक्ष के इशारे पर स्थानांतरण का आरोप

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट कोर्ट परिसर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश चतुर्थश्रेणी राज कर्मचारी संघ की मंडल इकाई की बैठक हुई। प्रांतीय संयुक्त मंत्री रविंद्र कुमार मधुर ने अध्यक्षता की। एक जिले के जिला पंचायत अधिकारी पर सरकार विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया।

बताया कि सरकार ने शासनादेश जारी कर चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों को अधिकतम 10 प्रतिशत स्थानांतरण किये जाने के निर्देश दिये थे। लेकिन एक जिले के जिला पंचायत राज अधिकारी शासनादेश की धज्जियां उड़ाकर 25 प्रतिशत सफाई कर्मचारी के स्थानांतरण कर चुके हैं। इस कारण सफाई कर्मचारियों में आक्रोश है। आरोप है कि विपक्ष के इशारे पर जिला पंचायत राज अधिकारी स्थानांतरण के नाम पर उत्पीड़न कर रहे हैं।

# स्कूलों की मनमानी पर एमएलसी नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के प्रवेश में मनमानी पर नाराज एमएलसी अरुण पाठक गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग पहुंचे। कार्यालय में उन्होंने निजी स्कूलों की मनमानी से बीएसए को अवगत कराया। उनके साथ आरटीई के तहत आवेदन करने वाले अभिभावक व पार्षद भी मौजूद रहे। एमएलसी ने कहा कि निजी स्कूलों की ओर से प्रवेश पर लगातार आनाकानी की जा रही है। इससे अभिभावक परेशान हैं।

एमएलसी अरुण पाठक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि निजी स्कूल मनमानी पर उतारू हैं। वे अभिभावकों को बेवजह दौड़भाग करा रहे हैं। एमएलसी ने अपने साथ आए अभिभावकों की शिकायतों से भी बीएसए को अवगत कराया। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तीन दिनों के भीतर सभी प्रवेश दिलाए जाने की बात कही। अजय कुमार द्विवेदी, करजत सचान, अनीता भटनागर, आशीष चौरसिया, शिवम पांडेय, सुप्रिया, सहित एक दर्जन से अधिक अभिभावकों ने अपनी लिखित शिकायत दी। मुलाकात के दौरान पार्षद अवधेश त्रिपाठी, पवन गुप्ता, गिरिश बाजपेई, धीरेंद्र सोनकर भी मौजूद रहे।



बीएसए से शिकायत करते अरुण पाठक। अमृत विचार

- आरटीई के प्रवेश की शिकायतों से बीएसए को अवगत कराया
- बीएसए ने तीन दिन के भीतर प्रवेश कराने का दिया आश्वासन

# भाजपा नेता का नकदी से भरा बैग चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर में भाजपा नेता का घर के बाहर कुर्सी पर रखा नकदी से भरा बैग दो आरोपी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने चकेरी थाने में शिकायत की है। श्याम नगर निवासी भाजपा नेता राजीव मिश्रा के अनुसार गुरुवारा सुबह वह घर के बाहर कुर्सी डालकर बैठे थे। उनके बगल वाली कुर्सी में 20 हजार रुपयों से भरा बैग रखा था। वह मोबाइल लेने के लिए घर के अंदर गए। तभी दो युवकों ने उनका बैग उठा लिया और भागने लगे।

राजीव ने बाहर आकर देखा तो उन्होंने शोर मचाया। लेकिन आरोपी भाग निकले। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### चार ई-रिक्शा चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** ई-रिक्शा चोरी करने वाले चार शातिरों को किदवई नगर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया है। किदवई नगर इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार को चार युवकों को जूही गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवकों में शिवम पासी, संजय पासी व बृजेश जगईपुरवा हैं। चौथा आरोपी अजय ऊर्फ बब्बा किदवई नगर के नटवन टोला इलाके में रहता है।

## रावतपुर बस अड्डे पर पेंशन के लिए नारेबाजी ...



**कानपुर।** पेंशन की मांग करते हुए रिटायर कर्मियों ने रावतपुर बस अड्डे पर नारेबाजी की। कहा गया कि यदि सरकार ने उनकी पेंशन को बहाल नहीं किया तो आंदोलन को तेज करेंगे। गुरुवार को रोडवेज पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की द्वारा रावतपुर बस अड्डे पर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष निहाल अहमद ने कहा कि हजारों रिटायर कर्मियों के साथ नाइंसाफी हो रही है, हम सब अदालत का दरवाजा भी खटखटा चुके हैं, अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर रखा है। देश में ईपीएफ 95 के पेंशनधारियों को भी 1000 से 1500 रुपये पेंशन मिल रही है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये की जाए। इस अवसर पर सुंदर लाल पांडेय, जय-जयराम यादव, हरिश चंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।। • अमृत विचार

# महिला पर हमला कर गला दबाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोतवाली थानाक्षेत्र में कचहरी के पास हुई घटना
- हरबंश मोहाल की रहने वाली पीड़ित महिला

**अमृत विचार।** गुरुवार को जमीन के मुकदमे को लेकर आरोपी की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के लिए पहुंची महिला पर हमला कर दिया गया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह वह बचकर भागी और पति के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर तहरीर दी और वहीं बेसुध हो गई।

हरबंशमोहाल दानाखोरी निवासी नवनीत गुप्ता की पत्नी शिल्पी ने पुलिस को बताया कि कैनाल रोड निवासी रिकब बिरानी और उनकी बहू साधना ने मकान बेचने के नाम पर उनसे 19 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका लगाई थी जिसमें उन्होंने आपत्ति लगाई थी। शिल्पी गुप्ता ने बताया वह पति के साथ कोर्ट गई थी जहां पति अधिवक्ता के पास रुक गए और वह घर जा रही थी। आरोप है कि कचहरी के पास अचानक रिकब बिरानी और उनकी बहू के साथ ही तीन-चार लोग आ गए। रिकब ने उनका गला दबाते हुए जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह वह खुद को छुड़ाकर भागी और पति को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह पति के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची और तहरीर दी। वहां से निकलते ही शिल्पी बेसुध हो गई तो पुलिसकर्मी दौड़े और उन्हें जीप से उर्सला अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि शिल्पी गुप्ता ने तहरीर दी है वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाकर शिकायत की है।



## सार-संक्षेप

### हज सत्र 2025 की घोषणा होगी जल्द

**कानपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि राज्य हज समिति से अवगत कराया गया है कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई ने अपनी वेबसाइट पर हज सत्र 2025 के संबंध में सकुर्लर जारी किया है। जिसमें हज 2025 की तैयारियां जल्द शुरू होने की सूचना दी गई है। जुलाई-अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह तक हज 2025 की घोषणा कर दी जाएगी। इसलिए इच्छुक हज आवेदक अपना पासपोर्ट तैयार रखें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दी जान

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में योगेंद्र विहार नौबस्ता निवासी 25 वर्षीय गोलू उर्फ गोगा ने बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। पिता करन वर्मा ने बताया कि वह पुताई के ब्रश बनाता था। वह शराब पीकर आया था इसके बाद कमरे में जाकर चद्दर से फांसी लगा ली। अक्सर शराब पीकर घर आता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के जुगराजपुर गांव में रहने वाले विजय सिंह की बुधवार रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसके बड़े भाई पतरावल ने बताया कि वह घर से रात में 10 .30 बजे निकला था इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

**हैलट में सुविधा** रेडियोलॉजी विभाग को शासन से मिली मशीन का ट्रायल हुआ पूरा

# एडवांस सीटी स्कैन मशीन से एंजियोग्राफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ब्लड बैंक के सामने सीटी स्कैन सेंटर में लगाया जाएगा मशीन को

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में मरीजों को सीटी स्कैन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। रेडियोलॉजी विभाग में आधुनिक सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था हो गई है। यह हैलट में लगी पहली सरकारी सीटी स्कैन मशीन है। इससे दिल की एंजियोग्राफी भी हो सकती है।

हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में प्रतिदिन औसतन 50 से अधिक मरीजों को भर्ती किया जाता है। इनमें से कई मरीजों को सीटी स्कैन की सलाह दी जाती है। ऐसे में मरीजों को जांच के लिए इमरजेंसी के पास बने एपी डायग्नोस्टिक सेंटर में जाना पड़ता था, जहां उनको सस्ते दर पर सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन अब हैलट के पास अपनी सरकारी मशीन उपलब्ध हो गई है। इसे ब्लड बैंक के सामने सीटी स्कैन सेंटर में स्थापित किया गया है। मशीन संचालन का कंपनी के इंजीनियरों ने पैरा मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दे दिया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि अभी इस मशीन से आयुष्मान लाभार्थियों की मुफ्त जांच की जा रही है। कुछ अन्य मरीजों की भी जांच होती है। शासन से सीटी स्कैन के रेट तय होने हैं, जो केजीएमयू की तर्ज पर हो सकते हैं। यह मशीन काफी एडवांस तकनीक की है, जिससे दिल की एंजियोग्राफी भी की जा सकती है।



### मशीन की खासियत

- एक मिनट में पूरा शरीर हो जाता स्कैन
- हाई रेजोल्यूशन होने से रिपोर्ट होती स्पष्ट
- दिल के साथ नसों, मस्तिष्क की एंजियोग्राफी
- सीटी गाइडेड जांचें शुरू हो जाएंगी
- एफएनएसी जांच, नीडिल बायोप्सी सुविधा
- शरीर में गहराई की गांठों के सैंपल में सुविधा

### दिल के रोगियों को मिलेगा इलाज

- रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.अशोक वर्मा के मुताबिक एंजियोग्राफी से रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाली समस्याओं जैसे धमनियों का संकुचित होना, रक्त के थक्के बनना या एम्बोलिज्म आदि की जांच होती है, यह काम इस एडवांस तकनीक की सीटी स्कैन मशीन से भी संभव हो सकेगा।

## 8 से 20 जुलाई के बीच होगा राशन वितरण

**कानपुर।** जिलापूर्ति अधिकारी ने आयुक्त खाद्य व रसद विभाग से जारी आदेश का पालन कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के अन्त्योदय अन्न योजना व पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को जुलाई माह में 8 से 20 जुलाई तक राशन का वितरण किया जाएगा।

अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेंहू व 21 किग्रा चावल और पात्र गृहस्थी कार्ड कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किग्रा गेंहू व 3 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण ई-पॉस मशीन से कराया जाएगा। पर्यवेक्षकों, पूर्ति निरीक्षकों व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वितरण के समय निरीक्षण करें।

# स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे शहर के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बालिका क्योरुगी और व्यक्तिगत पूमसे टीम का हुआ चयन
- 12 से 14 जुलाई तक लखनऊ में आयोजित होगी चैंपियनशिप

**अमृत विचार।** स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित टीम शुक्रवार को लखनऊ के लिए रवाना होगी।

यूपी ताइक्वांडो की ओर से बालक-बालिका व मास्टर्स वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 से 14 जुलाई तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। जिसमें कानपुर ताइक्वांडो टीम भी दमखम दिखाएगी। टीम में पूमसे वर्ग में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ पदक विजेता खिलाड़ी राम गोपाल बाजपेई भी जलवा दिखाएंगे।

व्यक्तिगत पूमसे टीम में राम गोपाल बाजपेई, प्रणव ओझा, तुषार कुमार, दीपाली सिंह, राखी शर्मा शामिल हैं। युगल वर्ग में शिवानी राजपाल-प्रणव ओझा, आकाश त्रिवेदी-शालिनी गुप्ता प्रतिभाग करेंगे।

बालक क्योरुगी टीम मंर मो. अरीब अंसारी, अंशुमान शुक्ला, अक्षांश भारती, कृष्ण सिंह, आर्यन सिंह, हार्दिक वर्मा, हर्ष चतुर्वेदी, हिमांशु गुप्ता, चैतन्य जीटी, कुशाग्र विश्वकर्मा, विनायक दुबे, सात्विक श्रीवास्तव, अक्षत मिश्रा, उमंग भटनागर, कार्तिक प्रजापति, इशांत सिंह, दीपक कुमार, वैभव, मनीष, आदर्श कपूर, जय त्रिपाठी आदि प्रतिभाग करेंगे। बालिका क्योरुगी टीम में भूमिका मिश्रा, श्रेय सिंह, वानिया सिंह, अनन्या कटियार, रिचा देवी, आयुषी तिवारी, आर्य तिवारी, अनन्य साहू, मनशी निषाद, शैल शर्मा, मोहिनी कश्यप, मानवी सिंह, हनी साहू, सरिता शर्मा, दिव्यांशी साहू, शिवानी राजपाल, दीक्षा साहू, आरती देवी प्रतिभाग करेंगी।

टीम कोच की जिम्मेदारी सुशांत गुप्ता की होगी। ताइक्वांडो संघ के दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रदीप सिंह चौहान, प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, आलोक गुप्ता, पवन सूर्यवंशी, रोहित गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# जीआईएस सर्वे से पहले थी जनता परेशान, अब नगर निगम हैरान

## नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए हुए सर्वे के आंकड़ों में सामने आया गड़बड़झाला

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नए सिरे से गृहकर लगाने के लिए हुए जीआइएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) सर्वे को लेकर जहां जनता हैरान और परेशान है, वहीं अब नगर निगम के अधिकारियों ने भी माथा पकड़ लिया है। सर्वे में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। सर्वे करने वाली संस्था ने नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए 2,71,751 नई संपत्तियां खोजने के साथ ही निगम सीमा में कुल 6,24,386 संपत्तियां चिह्नित की हैं। लेकिन पड़ताल में सामने आया कि इन 2,71,751 नई संपत्तियों में लगभग 50 प्रतिशत संपत्तियां नगर निगम के अभिलेखों में पहले से दर्ज हैं, और उनसे गृहकर की वसूली भी हो रही है। नगर निगम के सॉफ्टवेयर में सर्वे से पहले 3,52,635 संपत्तियां दर्ज थीं।

सर्वे और भौतिक सत्यापन के बाद संपत्तियों की संख्या बढ़कर 4,48,000 हो गई है। इस हिसाब से संस्था के सर्वे और नगर निगम के सॉफ्टवेयर में 1,76,386 संपत्तियों का अंतर है, जिनका कोई ब्यौरा सर्वे करने वाली कंपनी ने नहीं उपलब्ध कराया है।

जीआईएस सर्वे की गड़बड़ियों का अंत होता नहीं नजर आ रहा है। सर्वे करने वाली संस्था आईटीआई लिमिटेड के आंकड़ों में अपर नगर आयुक्त तृतीय अमित कुमार भारतीय ने बड़ा गड़बड़झाला पकड़ा है। संस्था की ओर से खोजी गई ढाई लाख से अधिक नई संपत्तियों की जांच में आधी पहले से ही नगर निगम के पोर्टल पर दर्ज मिली हैं। कुल संपत्तियों में भी 1,76,386 का अंतर मिला है। इसी के बाद नगर निगम ने कंपनी को फिर से संपत्तियों का मिलान करने के निर्देश जारी किए हैं।

जीआईएस सर्वे शासन से नामित संस्था ने गृहकर मद में नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए किया है। सर्वे के दौरान निगम ने जोनवार अफसरों को लगाया था, ताकि एक-एक संपत्ति का निरीक्षण के साथ सत्यापन हो सके। इसके साथ ही आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों का भी मिलान हो सके। संस्था ने 26 जून को जानकारी उपलब्ध कराई कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 2,13,960 संपत्तियों का मिलान हो गया है। 67,730 संपत्तियों का मिलान नहीं हो सकता है। सर्वे में 70,945 प्लॉट्स भी सामने आए हैं।



- संस्था की चिह्नित संपत्तियों और नगर निगम के पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों में अंतर
- आईटीआई लिमिटेड के सर्वे में खामियों का अंबार, ढाई लाख नई संपत्तियां बताईं

**3,52,635** संपत्तियां नगर निगम में सर्वे से पहले दर्ज थीं

**2,71,751** नई संपत्तियां जीआईएस सर्वे में मिलीं

**6,24,386** कुल संपत्तियां इस तरह हो गईं

**4,48,000** संपत्तियां ही निगम पोर्टल पर दर्ज

**1,76,386** संपत्तियों का नगर निगम को भी नहीं पता

### नए सिरे से सर्वे

अपर नगर आयुक्त का कहना है कि मिलान के बाद नगर निगम के साफ्टवेयर में 4,48,000 संपत्तियां ही प्रदर्शित हो रही हैं। इस तरह 1,76,386 संपत्तियों का अन्तर है। इसके साथ ही 2,71,751 नई संपत्तियों के दावे में लगभग 50 प्रतिशत नगर निगम के अभिलेखों में पूर्व से दर्ज हैं, और उनसे गृहकर वसूली हो रही है। ऐसे में संस्था को नए सिरे से जांच कर सही आंकड़े देने के निर्देश दिए गए हैं।

### 50 फीसदी तक वृद्धि, आवासीय में भेजे व्यावसायिक कर के बिल

जीआईएस सर्वे में लापरवाही से लोगों का कर निर्धारण गलत हो गया है। शहर में लोग बढ़े गृहकर बिलों से परेशान हैं। आवासीय में व्यावसायिक कर वसूलने के नये बिल जेनरेट हो गये हैं। जो लोग बिल जमा कर चुके हैं, उनको फिर से नये सर्वे के अनुसार बिल भेजे जा रहे हैं। कई लोगों के गृहकर बिलों में तो 50 फीसदी तक वृद्धि कर दी गई है। लोग समस्या लेकर जोनल कार्यालयों में भटक रहे हैं। नगर निगम अधिकारी संशोधन नहीं कर रहे हैं। इससे रोष बढ़ता जा रहा है।

## रंगदारी मांगने पर रेस्टोरेंट संचालक को धमकी

**कानपुर।** गुरुवार को स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में स्थित रंगदारी मांगने का विरोध करने पर एक रेस्टोरेंट संचालक के धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। संचालक का आरोप है, कि एक युवती और उसका साथी रेस्टोरेंट चलाने के नाम पर उससे लगातार दबाव डालकर रंगदारी मांग रहे हैं। वह दो बार उससे रुपये ले चुके हैं रुपये न देने पर झूठे मुकदमों में फंसाकर रेस्टोरेंट बंद करवाने की धमकी देते हैं। उसने मामले को लेकर पुलिस से शिकायत भी की थी। रोज-रोज रंगदारी मांगने पर उन्होंने आवेश में कहा था कि अगर उनका व्यापार बंद हुआ तो वह आरोपियों को नहीं छोड़ेंगे। एसीपी स्वरूप नगर ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री चाहते हैं सीसामऊ में बड़ी जीत

- सीसामऊ विधानसभा के मतदाता अभिनन्दन समारोह में प्रभारी सुरेश खन्ना ने भरा जोश
- मंडल अध्यक्षों से कहा, सबको साथ जोड़ें, रामपुर सीट का उदाहरण दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा के मतदाता अभिनन्दन समारोह में पहुंचे मंत्री व प्रभारी सुरेश खन्ना ने कहा कि यहां का कार्यकर्ता रामपुर सीट से सीख ले। वहां 50 फीसदी अल्पसंख्यक हैं इसके बावजूद हम चुनाव जीते। इसलिये कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता है, हम सीसामऊ भी जीतेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद चाहते हैं कि सीसामऊ में हमारी बड़ी जीत हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि अगर आप अपने आपको मंडल अध्यक्ष, मंत्री या भाजपा कार्यकर्ता कहते हैं तो उनको भी साथ लाएं, जो बीते चुनाव में साथ नहीं थे।

बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में हुए सीसामऊ विधानसभा के मतदाता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री व सीसामऊ विधानसभा के प्रभारी ने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा फैलाए गए भ्रम से लोकसभा चुनाव में कुछ मतदाता भ्रमित हुए। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सीसामऊ उप चुनाव हम जीतकर दिखायेंगे, यह संकल्प लेकर सभी को यहां से जाना है। सभी कार्यकर्ता आज से ही अपने बूथ पर एक-एक घर जाकर मतदाता संवर्धन का कार्य कराएं। कोई भी मतदाता सूची में न छूटे यह हमारा दायित्व है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा के 60848 मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है, इनका हम आभार व्यक्त करते हैं। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से उनकी जीत सुनिश्चित हुई है। जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि इस बार सीसामऊ विधानसभा को हम अपने कार्यकर्ताओं के जोश उत्साह और लगन से जीतेंगे। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, विधान परिषद सदस्य अरूण पाठक, मण्डल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव, पूर्व महापौर रवीन्द्र पाटनी, महामंत्री अवधेश सोनकर, आनंद मिश्रा एवं सीसामऊ के पार्षद लक्ष्मी कोरी, सौरभ देव, आलोक पाण्डेय, अंकित मौर्या, पवन गुप्ता, गोविन्द शुक्ला, नीरज रक्सैल, आकर्ष बाजपेई सहित नवाब सिंह व राघवेंद्र मिश्र रहे।

## लालच में गंवाए 14.15 लाख रुपये

**कानपुर।** साइबर ठग ने निवेश के नाम पर पहले एक युवक को 1500 कमवा दिया। इसके बाद 14.15 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

रायपुर पतारा घाटमपुर निवासी शशांक कुमार के अनुसार 13 मार्च 2024 से 19 मार्च 2024 के बीच में उनके साथ ठगी की घटना हुई। घर बैठे कमाई के नाम पर ठगों ने उनसे होटल की रेटिंग करने को कहा। सात होटलों की रेटिंग में 250 रुपये दिए। फिर उनसे एक हजार का निवेश कराया। टेलीग्राम एप में एक ग्रुप से जोड़ा जिस पर कुछ क्रिप्टो करेंसी लिस्टेड थी। ठगों ने पीड़ित से 60 सेकेंड के लिए करेंसी में एक हजार का निवेश करने को कहा और एक मिनट बाद उसके खाते में 1500 रुपये भेज दिए। इससे पीड़ित का विश्वास जागा गया और ठगों के कहने पर वह धीरे धीरे 14.15 लाख रुपये दे दिए। इसी प्रकार रतन स्क्वायर सिविल लाइंस निवासी मोहम्मद जफतल्ला को घर बैठे कमाई का झांसा देकर मार्च 2024 में एक ग्रुप पर जोड़ा गया। शेयर और करेंसी में निवेश के नाम पर 6.66 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया गाया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सार-संक्षेप

### सिद्धनाथ मंदिर की धर्मशाला पुलिस के कब्जे में

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्थित सिद्धनाथ मंदिर की धर्मशाला को लेकर चल रहा विवाद आगे न बढ़े इसलिए पुलिस ने धर्मशाला को अपने कब्जे में ले लिया है। जाजमऊ थाना प्रभारी के अनुसार सिद्धनाथ घाट मंदिर की सर्वराकार विलासा देवी थीं, जिनका निधन होने के बाद रामकुमार, अजय कुमार, अभिनव कुमार, प्रशांत कुमार चंद्रकान्त, अनुप्रिया, विजय कुमार का नाम सह खातेदार खतौनी में दर्ज है। इसी जमीन में उनके पूर्वजों ने धर्मशाला भी बनवायी था, जिसे रामकुमार व उनके पक्ष ने मंदिर की दीवार तोड़कर एक स्कूल के कमरे में मिला लिया था। आराजी पर बने धर्मशाला को तोड़कर रामकुमार निर्माण करा रहा था। जबकि अन्य सह खातेदार को जानकारी नहीं दी गई। कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जिसकी धारा 145 संपत्ति विवाद को रोकने के लिए जांच कराई गई थी। आगे विवाद न बढ़े इस लिए मंदिर के धर्मशाला को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

### शराब के लिए रुपये न देने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के दहेली सुजानपुर में शराब के लिए रुपये न देने पर आरोपियों ने युवक को मारापीटा। पीड़ित ने आरोपियों पर जेब से दो हजार रुपये लूट लेने का आरोप लगाकर चकेरी थाने में शिकायत की है। दहेली सुजानपुर निवासी अमित कुमार के अनुसार वह नयागंज स्थित एक सर्राफा दुकान में काम करते हैं। बुधवार की रात करीब दस बजे वह पैदल घर लौट रहे थे। तभी इलाके का आरोपी नशे की हालत में अपने साथी के साथ खड़ा मिला। आरोपी ने अमित को रोका और शराब के लिए रुपये मांगने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें मारापीटा। आरोप है, कि आरोपियों ने उनकी जेब मे रखे दो हजार रुपये भी लूट लिए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक गिरा देने पर युवक को मारापीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में केडीए चौराहे पर बाइक खड़ी करने के दौरान धोखे से दूसरी बाइक गिरा देने की बात पर आरोपियों ने युवक की पिटाई कर दी। चकेरी थाने पहुंचकर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाल बंगला के काजीखेड़ा निवासी राजू निषाद के अनुसार 26 जून की रात को वह केडीए चौराहे पर सब्जी लेने के लिए गए थे। तभी उन्होंने चौराहे पर बाइक खड़ी की तो धोखे से बगल में खड़ी बाइक उसके गिर गई। इस पर मौके पर खड़ा शिव कटरा निवासी चंदन गुप्ता अपने तीन साथियों के साथ गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें मारा पीटा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### 4 देशों के छात्र, प्रशिक्षक एनएसआई में करेंगे पढ़ाई-शोध

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में इस बार चार देशों तंजानिया, फिजी, श्रीलंका और इंडोनेशिया के छात्र, प्रशिक्षक और फैक्ट्री मालिक पढ़ाई करने के लिए प्रयासरत हैं। इस संबंध में उनकी संस्थान के साथ प्रक्रिया अंतिम दौर में है और भारत सरकार की अनुमति का इंतजार है। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में पहले भी श्रीलंका, ब्राजील जैसे देशों के छात्र गन्ने से संबंधित शोध कार्य कर चुके हैं। इस बार संस्थान में शोध के लिए चार देशों ने संपर्क किया है। शर्करा संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि विदेशी शोधार्थी यहां शॉर्ट टर्म कोर्स और शोध दोनों तरह की पढ़ाई करेंगे। इसके अलावा संस्थान में शुगर टेक, शुगर इंजीनियरिंग, अलकोहल टेक इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए भी इन देशों से वार्ता चल रही है। शर्करा संस्थान की निदेशक प्रो. सीमा परोहा ने बताया कि चारों देशों के साथ बातचीत अंतिम दौर पर है। सभी शोधार्थियों का सरकार की अनुमति मिलते ही प्रवेश होगा।

### 3 बंदियों को जुर्माना जमाकर रिहा कराया

**कानपुर।** जेल में बंद ऐसे सिद्धदोष बंदी जिनकी मूलसजा अवधि पूरी हो चुकी है और वर्तमान में केवल जुर्माना की धनराशि अदा न करने के कारण कारागार में बंद हैं। उन लोगों की अर्थदंड की धनराशि समाजसेवी संस्था एसोसिएशन ऑफ ह्यूमन लाइफ केयर इंडिया नई दिल्ली के सहयोग से जमा कराकर रिहा कराया गया। जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय डॉ परवेज अख्तर, सुरेन्द्र पाल सिंह, मंजीत सिंह, जगजीत सिंह तथा जेलर अनिल कुमार पांडेय, मनीष कुमार उपस्थित रहे।

### लूट के बाद कथावाचक को गोली मारने की धमकी

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में कथावाचक के बैग समेत कार लूट के मामले में दर्ज मुकदमे को वापस न लेने पर आरोपियों ने पीड़ित को गोली मारने की धमकी दी है। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस जीपीएस सिस्टम से लैस कार की लोकेशन पता नहीं कर पाई है। बुधवार को भौती बाईपास के पास अपने साथियों के साथ मुंबई से लौटे कार सवार कथवाचाक रुद्र प्रकाश द्विवेदी को दो गाड़ियों से आए आठ असलहाधारी बीच सड़क उतारकर कार, ढाई लाख नगद, सोने की चेन और अंगूठी लूट ले गए थे। कथावाचाक के कार चालक दीपक गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। कथावाचक ने बताया कि बुधवार देर रात किसी अज्ञात ने उन्हें फोन कर मुकदमा वापस न लेने पर गोली मार देने की बात कहकर फोन काट दिया।

### हादसे का डर



बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम और केस्को की लापरवाही से क्षेत्रीय जनता परेशान है। यहां सड़क पर बारिश और नाले का गंदा पानी भरा है। मोहर्रम के मद्देनजर क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। बताया कि कई वर्षों से इसी जगह पर ताजिया रखी जाती हैं और जलसा भी होता है। यहां सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर से तार लटक रहे हैं और पानी भरा है। ट्रांसफार्मर से पानी में अगर करंट उतरा तो हो सकती है कोई अनहोनी। अमृत विचार

# रिंग रोड की राह में रोड़ा चार हेक्टेयर का जंगल

**एक्सक्लूसिव**

- वन विभाग की 1.8 हेक्टेयर भूमि कानपुर और 2.4 हेक्टेयर उन्नाव में की जानी है अधिग्रहीत
- सिंचाई विभाग ने ककवन में पेड़ लगाने का दिया प्रस्ताव पर वन विभाग ने कर दिया इंकार

अभिनव मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** 93.20 किमी लंबी रिंग रोड परियोजना में वन विभाग का जंगल रोड़ा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को वन विभाग की ओर से एनओसी नहीं मिल सकी है। इस जंगल के बदले वन विभाग को एनएचएआई मनमुताबिक जगह उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। अब एनएचएआई ने उन्नाव की बीघापुर तहसील में वन विभाग को जमीन दिलाने की कवायद शुरू की है।

कानपुर नगर, देहात और उन्नाव जिलों से होकर निकलने वाली रिंग रोड का निर्माण पांच पैकेजों में किया जा रहा है। 23.325 किलोमीटर लंबे मंधना से सचेंडी पैकेज-1 का निर्माण 1754 करोड़ लागत से कराया जा रहा है। इसी के साथ 1604 करोड़ से पैकेज-4 में मंधना से रमईपुर के बीच काम होना है। दोनों पैकेजों की जिम्मेदारी राज कंस्ट्रक्शन को मिली है। पैकेज-1 में लगभग 20 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। किसान नगर से एक किलोमीटर आगे रमईपुर की तरफ, मंधना व भवानीपुर पुलिया के पास रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की डिजाइन एनएचएआई तैयार कर रहा है। मंधना में वाया डक्ट व किसान नगर में 70 मीटर लंबे फ्लाईओवर के पिलर का निर्माण चल रहा है। रिंग रोड के निर्माण में कानपुर नगर में 1.8 हेक्टेयर और उन्नाव में 2.4 हेक्टयर क्षेत्रफल में वन विभाग के पेड़ बाधा के रूप में सामने आए हैं। इसके बदले एनएचएआई ने वन विभाग को ककवन में सिंचाई विभाग की जगह प्रस्तावित की थी, लेकिन सिंचाई विभाग ने वन विभाग को जमीन देने के बजाए सिर्फ पेड़ लगाने की अनुमति दी, इस पर वन विभाग ने इस समायोजन से इंकार कर दिया। इसके चलते एनएचएआई को वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिल सका। अब एनओसी के लिए एनएचएआई ने उन्नाव के बीघापुर तहसील में कुछ गांवों को चिह्नित किया है।

### भवानीपुर में रुका है सड़क का निर्माण

मंधना से सचेंडी पैकेज-1 में भवानीपुर गांव से गुजरने वाली सड़क रिंग रोड को प्रभावित कर सकती है। भवानीपुर गांव के पास वन विभाग की काफी भूमि पर पेड़ लगे हैं। एनओसी न मिलने के कारण भवानीपुर में अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है।

### यहां अभी भूमि अधिग्रहण कार्य नहीं पूरा

किलोमीटर 12 से 14 के बीच रैकेपुर से मंधना की ओर से जाने वाले करीब एक किलोमीटर स्थान पर सड़क निर्माण होना है, लेकिन इस स्थान पर अब तक भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा नहीं हो सका है। अधिकारियों का कहना है कि किसानों को मुआवजा वितरण कार्य पूरा कराया जा रहा है।

> सिंचाई विभाग से पत्राचार कर पुन: भूमि समायोजन की मांग की गई है। इसमें चार हेक्टेयर जमीन एनएचएआई के नाम करने को कहा गया है। इसके बदले उन्नाव में कुछ जगह प्रस्तावित है, जल्द ही वन विभाग को जमीन मुहैया करा एनओसी प्राप्त की जाएगी।
>
> –अमन रोहिला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

# इमामबाड़ों पर पैकियों की कमर बंधाई की तैयारियां पूरी

- नई सड़क से निकला हामिद मियां का अलम जुलूस
- जगह जगह मजलिस, मातम शहादतनामा व नौहाख्वानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम की पांच तारीख यानी शुक्रवार को पैकियों के इमामबाड़ों पर 12 साल तक के पैकियों की कमर बंधाई होगी जिसकी तैयारियां तीनों खलीफा की ओर से की जा चुकी है।

शुक्रवार को देर शाम मगरिब की नमाज के बाद बच्चों की कमर बंधाई की जाएगी। कोई भी पैकी तलवार या अन्य कोई हथियार लेकर नहीं चलेगा। नायब खलीफा कफील अहमद का कहना है कि इमामबाड़ों पर 12 साल तक के बच्चों की कमर बंधाई होगी। जो लोग बालिग हैं, वह सिर्फ बद्धी और कलावा बांध सकते हैं। उधर गुरुवार को हामिद मियां का 134 साल पुराना अलम जुलूस नई सडक सुनहरी मस्जिद के सामने से निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व मो. मुन्ना, अजमत अली अशरफी, मोहम्मद नसीम और रफीक अहमद कुरैशी कर रहे थे। ये जुलूस यहां से फूलवाली गली. इफितखाराबाद, रूपम चौराहा, हलीम कालेज चमनगंज, मो. अली पार्क से गुजरता हुआ गुलाब घोसी की मस्जिद नाला रोड कंघी मोहाल, बेकनगंज, तलाक महल अमीनगंज से गश्त करता हुआ दादामिया चौराहा पहुंचा। यहां से पेचबाग होता हुआ वापस नई सड़क पर रात 9 बजे के बाद समाप्त हुआ। एक दर्जन ठेलों से लाउडस्पीकर के द्वारा नौहाख्वानी की जा रही थी।

उधर इमामबाड़ों, मस्जिदों, कर्बलाओं, खानकाहों और मुसलमानों के घरों में बने इमाम बारगाहों में मजलिसे अजा और इमाम चौकों पर जिकरे शाहादतैन व कुरान ख्वानी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इमामबारगाह आगामीर की मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना जहीर अब्बास साहब (लखनऊ,) ने करबला शहीदों की तफसीली जानकारी दी। शहर की मजलिसों में नवाब मुमताज, कासिम अब्बास, हाजी मुन्सिफ अली रिज़वी, पप्पू मिर्जा, असर कानपुरी, ताज कानपुरी, परवेज जैदी, कुमैल नमाजी, एहसान हुसैन, जवाज हैदर, अयाज हैदर, नजीर हैदर, फुरकान हैदर रिजवी आदि मौजूद थे।

### हजरत बाबा फरीदउद्दीन का उर्स मनाया

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा–ए–अहले सुन्नत के जेरे एहतिमाम चमनगंज में हजरत बाबा फरीदउद्दीन गंजे शकर का उर्स मनाया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद फैसल ने कहा कि इस्लाम को जन–जन तक पहुंचाने में बाबा गंजे शकर ने अहम रोल अदा किया। इस मौके पर हाफिज आमिर अजहरी, हाफिज़ इरफान रज़ा क़ादरी, सैयद अफज़ल अली, मोहम्मद ईशान, अली जावेद, मोहम्मद मोईन जाफरी आदि लोग मौजूद थे।

**जनसमस्या** — कई मोहल्लों में सप्ताह में तीन दिन ही कूड़ा उठान होने से बरसात में बजबजा रही गंदगी

# डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन धड़ाम, कई वार्डों में सीटी बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कई वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन योजना धड़ाम हो गई है। कई मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। कई क्षेत्रों में दोपहर बाद घरों से कूड़ा लिया जा रहा है। इससे परेशान लोग अपने समीपस्थ अड्डे पर कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। कई जगह तो सप्ताह में तीन दिन ही कूड़ा उठाए जाने से बरसात में गंदगी बजबजा रही है। इस हाल में जब कूड़ा उठाने का शुल्क लेने वाले कर्मचारी दरवाजे पर पहुंचते हैं तो विवाद हो रहे हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर भी कूड़ा नहीं उठने और गंदगी की शिकायतें बढ़ रही हैं।

सर्वेक्षण-2023 में कचरा मुक्त शहर के लिए कानपुर को भले ही थ्री स्टार रेटिंग मिली हो लेकिन, जमीनी हालात बदहाल हैं। शहर में सुबह 9 बजे से पहले सड़क से कूड़ा उठाने के दावे अधिकतर स्थानों पर हवा-हवाई हैं। महापौर की योद्धा टीम पहले ही खत्म हो चुकी है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमित सिंह गौर के मुताबिक अभी 90 वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा उठान हो रही है। जल्दी ही सभी 110 वार्डों से कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि उनके दावों के इतर वार्डों में घरों से कूड़ा उठाने की व्यवस्था दम तोड़ रही है। क्षेत्रीय पार्षद समस्या नगर निगम अधिकारियों को बता चुके हैं। लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है।



शीतला बाजार मार्ग पर घरों का कूड़ा मार्ग पर बिखरा हुआ। अमृत विचार

**110** वार्ड नगर निगम सीमा में

**1400** टन शहर में कूड़ा निकलता

**900** टन कूड़ा शहर से उठाया जाता

**90** वार्डों में घर -घर से उठ रहा कूड़ा

**30** वार्डों में गीला व सूखा कूड़ा उठान

### बोले पार्षद



> सप्ताह में तीन दिन तो डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले नहीं आते हैं। इससे लोगों को घरों का कूड़ा सड़क पर आ जाता है।
>
> –लियाकत अली, पार्षद, वार्ड 71– चमनगंज



> घर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां समय पर नहीं आती हैं। शनिवार और रविवार को तो आती ही नहीं हैं। इससे लोगों को बड़ी समस्या हो रही है।
>
> –विनय शुक्ला, पार्षद पति, वार्ड 60–रावतपुर गांव

**सबसे ज्यादा कूड़ा उठान में मिलते नंबर :** स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में जगह बनाने के लिये छह हजार प्वाइंट की जरूरत होती है। अलग–अलग साफ सफाई को लेकर रेटिंग तय की जाती है। इसमें सबसे ज्यादा कचरा उठान की रेटिंग होती है, लेकिन कुछ वार्डों में लचर काम और आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण नहीं होने से शहर की रैंकिंग पर फर्क पड़ रहा है। स्वच्छता रैंकिंग में कूड़ा गाड़ियां, गीला–सूखा कचरा उठान, दो डस्टबीन का प्रयोग भी देखा जाता है।

# मुशावरत ने अखिलेश राहुल पर उठाए सवाल

- मॉब लिंचिंग के शिकार शख्स के घर अलीगढ़ पहुंची मुशावरत की टीम
- पीड़ित की मां को एक करोड़ रुपये, भाई को नौकरी देने की मांग रखी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत एवं इंडियन नेशनल लीग की संयुक्त टीम अलीगढ़ में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए शख्स के घर पहुंची और उसकी मां व भाई से घटना की जानकारी ली। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के प्रमुख नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर प्रश्न खड़े करते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी विपक्षी नेताओं की खामोशी इस बात को बयां कर रही है कि तथाकथित सेकुलर कहलाने वाली सियासी पार्टियां मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक ही समझती हैं।

अलीगढ़ में बीते दिनों औरंगजेब नाम के रोटी पकाने वाले शख्स की मॉब लिंचिंग में मौत हो गई थी। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान मुशावरत की टीम के साथ अलीगढ़ औरंगजेब के घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि फोटो, वीडियो इस घटना की गवाही दे रहे हैं लेकिन पुलिस ने मॉब लिंचिंग का शिकार हुए शख्स पर ही डकैती का मुकदमा कायम कर दिया। उन्होंने मांग की है कि योगी सरकार औरंगजेब की विधवा मां को एक करोड़ रुपये और उसके भाई को सरकारी नौकरी दे।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से राजमिस्त्री झुलसा

**घाटमपुर।** रेउना थाना क्षेत्र के घुघआ गांव निवासी राजमिस्त्री मनीष कुमार (22) गांव में ही एक निर्माणाधीन मकान की छत ढलाई कर रहा था। उसी दौरान तार की चपेट में आ जाने से वह बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### कोरियां चौकी प्रभारी को दी गई भावभीनी विदाई

**घाटमपुर।** सजेती थाने की कोरियां चौकी में गुरुवार को चौकी इंचार्ज आशीष कुमार मिश्रा को ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर व तिलक कर विदाई दी। वहीं नए चौकी इंचार्ज संजीव राजपूत के चौकी का कार्य भार संभालने पर लोगो ने मुंह मीठा कराकर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कांस्टेबल रवि कुमार, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह गोलू शुक्ला, शुभम मिश्रा, रोहित सिंह, अभिनव अवस्थी के साथ ग्राम प्रधान सहित गांव के लोग मौजूद रहे।

# खनन में खूनखराबे को हल्के में ले रही पुलिस

संवाददाता, शिवराजपुर

**शांतिभंग में कार्रवाई**

- पुलिस ने गांव के ही तीन लोगों को शांतिभंग में जेल भेजा
- खनन माफिया को पूरी तरह बचाने में जुटी इलाकाई पुलिस


हमले में घायल सुशील शुक्ला।

**अमृत विचारः** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सखरेज गांव में बुधवार को मिट्टी खनन और डंपरों की आवाजाही से सड़कों की खस्ताहालत को लेकर हुए खूनखराबे को पुलिस निपटाने में जुट गई है। खनन माफिया और उसके गुर्गों द्वारा ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटे जाने के बावजूद पुलिस ने तीन ग्रामीणों को शांतिभंग करने के आरोप में जेल भेजा गया है, जबकि दूसरे पक्ष से सिर्फ जेसीबी चालक और उसके दो साथियों पर कार्रवाई की गई है।

सखरेज गांव में मिट्टी खनन और रास्तों की खराबी का वास्ता देकर एतराज जताने पर बुधवार को खनन माफिया ने अपने गुर्गों के साथ जिस तरह गांव वालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, उससे ग्रामीणों में नाराजगी पनप रही है। हाथों में लाठी-डंडा और कट्टा लेकर जिस तरह गांव वालों को पीटा गया, उसमें कई ग्रामीण लहूलुहान होकर अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस दबाव में आकर इस मामले को बिल्कुल हल्के में निपटाने में लगी है।

शिवराजपुर पुलिस ने इस पूरे मामले में 6 लोगों के खिलाफ शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में सखरेज गांव के अजय, नितिन और अनुज को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई की है, जबकि दूसरे पक्ष से चौबेपुर थाना क्षेत्र के निगोहा निवासी अवनीश कुमार और हिमांशु के साथ उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र के जमुनिया निवासी अजीत पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। इनमें जेसीबी चालक और उसके सहयोगी शामिल हैं। हमला करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसीपी पनकी की ओर से पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है, जबकि आरोपी बनाए गए सखरेज गांव के अनुज को बेल दे दी गई है। बताते हैं कि अनुज डी फार्मा का छात्र है और उसकी काउंसलिंग होनी है, जिसकी वजह से उसकी बेल मंजूर की गई है और उसे छोड़ा गया है।

### आखिर कहां चली गई 'सरकार' लिखी गाड़ी

सखरेज के लोगों के एतराज जताने के बाद खनन माफिया और उसके गुर्गे 'उत्तर प्रदेश सरकार' लिखी जिप्सी गाड़ी से पहुंचे थे, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन वह गाड़ी गायब हो गई। पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में इस गाड़ी का कोई जिक्र नहीं है। सखरेज गांव के लोगों का कहना है कि प्रभाव और दबाव में आकर पुलिस ने खनन माफिया को पूरी तरह क्लीन चिट दे दी है।

### ग्रामीणों पर समझौते का दबाव बनाने का प्रयास

इस मामले में पुलिस गांव वालों पर समझौते का दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। गांव वालों का कहना है कि दबाव बनाने के लिए ही पुलिस की ओर से भुक्तभोगियों पर कार्रवाई की गई है और उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। यही वजह है कि खनन माफिया को कार्रवाई के दायरे से दूर रखा गया है। खनन माफिया अपने राजनीतिक संबंधों के बल पर दबाव बनाने में जुटा है।

# किशोरी से दुराचार के दोषी को 10 साल कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- चौबेपुर क्षेत्र के पचौर गांव का रहने वाला है दोषी युवक

**अमृत विचार।** बरौर क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। 50 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि बरौर क्षेत्र की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री सितंबर 2013 को स्कूल के लिए निकली थी। उसे रास्ते में कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के पचौर निवासी रिंकू बाल्मीकि बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुत्री घर से 25 हजार रुपये और जेवर भी ले गई। काफी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए किशोरी की तलाश कर उसकी चिकित्सीय रिपोर्ट और उसके बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर ले जाने, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13/पॉक्सो कोर्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए दस साल के कारावास की सजा सुनाई। वहीं 50 हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# ट्रक से भिड़ी कार, डॉक्टर की मौत, साथी भी गंभीर घायल

## खाटूश्याम से लौटते समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मकनपुर के पास हादसा

संवाददाता, बिल्हौर

**रफ्तार की मार**

- लखनऊ के राजाजीपुरम के रहने वाले थे डॉ.प्रत्यूष पांडेय
- घायल साथी को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया

**अमृत विचारः** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के किमी 215.600 पर मकनपुर के पास तेज रफ्तार कार आगे जा रहे ट्रक में भिड़ गई। हादसे में कार सवार डॉक्टर की मौत हो गई, जबकि कार चला रहे डॉक्टर के दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। बिल्हौर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल को कानपुर रेफर कर दिया।

लखनऊ के राजाजीपुरम इलाके के केपीएस कान्वेंट सेक्टर 13/7130 आवास विकास कालोनी निवासी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि उनका 35 वर्षीय डॉक्टर बेटा प्रत्यूष पांडेय अपने मित्र अनुराग पुत्र विजय प्रकाश मिश्रा के साथ राजस्थान खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे। गुरुवार को वापस लौट रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मकनपुर के पास सुबह करीब सात बजे उनकी स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक से भिड़ गई।

हादसे के समय कार अनुराग मिश्रा चला रहे थे। हादसे में प्रत्यूष और अनुराग दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची यूपीडा की एंबुलेंस दोनों घायलों को सीएचसी लाई, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने डॉ.प्रत्यूष पांडेय को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अनुराग मिश्रा को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया।

हादसे की जानकारी पर बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे डॉक्टर प्रत्यूष पांडेय के परिजन बेहाल रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि कार चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका है। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर निकल भागा। उसका पता लगाया जा रहा है।

### झपकी आने से हो रहे ज्यादातर हादसे

बिल्हौर। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अधिकांश हादसे तेज रफ्तार और झपकी आने से हो रहे हैं। अभी एक दिन पहले ही एक्सप्रेस वे पर उन्नाव में भीषण हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी और 30 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में भी डबल डेकर बस के ड्राइवर को झपकी आने की बात सामने आई थी। मकनपुर के पास तेज रफ्तार कार के दुर्घटनाग्रस्त होने में भी झपकी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यूपीडा को हादसों की रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए।

# करंट की चपेट में आकर महिला मरी

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में एक महिला की पंखा चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


रामजानकी।

कल्याणपुर गांव के रहने वाले महेंद्र प्रसाद सचान की पत्नी रामजानकी गुरुवार दोपहर बारिश के दौरान पंखा चालू कर रही थी। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि सांस की आस में परिवार वाले उसे लेकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# साइकिल सवार को बचाने में ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

संवाददाता, शिवराजपुर

- शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बैरी गांव के पास हुआ हादसा
- हादसे में चालक का साथी भी घायल, कानपुर रेफर


नाले में पलटा पड़ा ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक नियंत्रण खो बैठा और गहरे नाले में जा गिरा, जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शिवराजपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के कुंवरपुर गांव निवासी रजनीश बाबू (27) पुत्र रामबाबू मोहाई बगिया गांव निवासी अपने साथी के साथ ट्रैक्टर चलाकर शिवराजपुर डीजल लेने जा रहा था। जब वह बैरी गांव से गुजरकर आगे बढ़ा, तभी अचानक सामने आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर से संतुलन खो बैठा। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरे नाले में जा गिरा, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जेसीबी से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। तब तक दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर कराह रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें निकलवाया तो चालक रजनीश की मौके पर ही मौत हो गई थी। घायल युवक को शिवराजपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शव का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नवंबर महीने में होनी थी युवक की शादी

सड़क हादसे का शिकार हुए ट्रैक्टर चालक रजनीश बाबू के परिवार वालों ने बताया कि रजनीश की शादी भी तय हो गई थी। नवंबर महीने में उसकी शादी होनी थी। घर में तैयारियां चल रही थीं। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा। हादसे में मौत की खबर पाकर लड़की वाले भी गांव पहुंचे।


सैफई से लखनऊ जाते समय अरौल में सपाइयों ने अखिलेश यादव का स्वागत किया।

# सपा अध्यक्ष को भेंट किया पौधा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से बुधवार रात सैफई से लखनऊ जाते समय अरौल में बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की ओर से सप्ताह भर चलाए गए पीडीए पौधरोपण अभियान की समीक्षा की।

पार्टी अध्यक्ष को बताया गया कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बूथ से लेकर जोनल स्तर तक टीम बनाकर इस पौधरोपण अभियान को सफल बनाया है। सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लगाए गए पौधे एक वृक्ष बन पाएं, इसलिए जरूरी है कि उनकी सुरक्षा हो। उन्होंने पार्टी की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की।

इस दौरान सपा नेता विनय यादव और रचना सिंह ने एक पीडीए पौधा भेंट किया। यहां बिल्हौर विधानसभा प्रभारी रचना सिंह गौतम, अध्यक्ष विनय यादव, पंकज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कटियार, शशिकांत पाल, आरपी पाठक, सादाब, अंकित आदि उपस्थित रहे। बताया गया कि सपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। सभी विधानसभा इकाइयां के संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ता जुट गए हैं। इसके साथ ही सपा प्रमुख की ओर से 2026 के पंचायत चुनाव को लेकर अभी से तैयारी में जुटने के निर्देश दिए गए।

# सजेती थाने में लगा रक्तदान शिविर

**घाटमपुर।** सजेती थाने में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार ने रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

रक्तदान शिविर में पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष एक लाभ अनेक है। वृक्ष ही प्रकृति है वृक्ष ही जीवन है वृक्षों से हमें अधिक से अधिक लाभ मिलते हैं। हम सब मिलकर एक-एक वृक्ष अवश्य लगाएं। सभी पुलिस कर्मियों को डॉक्टरों द्वारा सड़क हादसे में घायल पहचान के लिए सीपीआर का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, नवेली, बीबीपुर, कुआंखेड़ा, कोरिया चौकी के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अभद्रता पर ईओ ने दी तहरीर


गुरुवार को बिल्हौर नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, बिल्हौर

- युवक पर पालिका में अभद्रता और गालीगलौज का आरोप

**अमृत विचारः** बिल्हौर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने कथित पत्रकार पर अभद्रता और गालीगलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि अपने को पत्रकार बताने वाला युवक विज्ञापन के नाम पर धमकी देता है और कार्यालय में अभद्रता के साथ गालीगलौज करता है।

अधिशासी अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया है कि कथित पत्रकार नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करता है। अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने बिल्हौर थाना प्रभारी को तहरीर देने के साथ ही आरोपी युवक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

इस बीच दुर्व्यवहार को लेकर नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी भी की। नगर पालिका के कर्मचारी हाथ में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर चौराहे पर कार्रवाई की मांग करते रहे। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### पांच साल से फरार वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा


पकड़ा गया छोटे।

**बिधनू।** बिधनू थाने की पुलिस ने पांच साल से फरार चल रहे हमीरपुर के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक हमीरपुर जनपद के अतरैया गांव का रहने वाला छोटे पुत्र विश्वनाथ (62) पिछले 5 साल से एक मुकदमे में फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर बिधनू थाने के एसआई मुकेश बाजपेई, शिवम शर्मा और हेड कांस्टेबल समीर अख्तर ने घेराबंदी कर किसान नगर रोड पर लोहे के डैम के पास गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से गौरैयन गांव में पसरा अंधेरा

**घाटमपुर।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीरबल के अकबरपुर के मजरा गौरैयन गांव का ट्रांसफार्मर फुंक जाने से गांव में अंधेरा व्याप्त है। इसकी शिकायत बिजली विभाग के साथ ग्राम प्रधान ने विधायक से की है। बीरबल के अकबरपुर गांव के मजरा गौरैयन में दो दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। ग्राम प्रधान रामकिशोर कर्णधार ने विधायक सरोज कुरील को बताया कि ग्राम पंचायत के मजरा गौरैयन का दो दिन से ट्रांसफार्मर पका पड़ा है। इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र घाटमपुर में दी जा चुकी है, परंतु अभी तक गांव का ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया, जिससे गांव में अंधेरा व्याप्त है। ग्राम प्रधान ने विधायक सरोज कुरील से ट्रांसफार्मर बलवाए जाने की मांग की है।

**दिशा-निर्देश** चार्ज संभालने के बाद पहले दिन ही बीडीओ ने सचिव और प्रधानों के साथ की बैठक

# दस्तक अभियान को कामयाब बनाएं प्रधान

संवाददाता, बिधनू

**रूपरेखा समझाई**

- बोले, संचारी रोगों से निपटने में सभी लोगों का सहयोग जरूरी
- दीवार लेखन के साथ गांव वालों को जागरूक करने पर जोर


गुरुवार को प्रधानों और सचिवों के साथ बैठक करते बीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचारः** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक को सफल बनाने के लिए गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम प्रधानों की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र ने यहां चार्ज संभालने के बाद पहले ही दिन संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी बताया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को हुई ब्लाक स्तरीय बैठक में खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभियान की कामयाबी के लिए सभी ग्राम प्रधानों को ग्राम निगरानी समिति के माध्यम से कोविड और संचारी रोग के विषय में निरन्तर जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई और घरों से जलनिकासी को जन जागरण के लिए प्रचार-प्रसार करना होगा।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेश चंद्र निगम ने ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम प्रधानों से कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संबंध में दीवार लेखन कराकर प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता फैलाई जा सके और लोग संचारी रोग की चपेट में आने से बचे रह सकें।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी हरदीप सिंह, एपीओ राहुल कटियार, ब्लॉक कोआर्डिनेटर मनीष, नीरज, ब्रजेश, मानवेंद्र बाबू, शेषकुमार, अनिल शर्मा, अजित सिंह, रामपाल, नैंसी शुक्ला, रिचा उमराव, वर्षा शुक्ला, पिंकी कुशवाहा, गोस्वामी, जितेन्द्र मिश्रा, अनुज मिश्रा आदि रहे।

# विधायक के आश्वासन पर प्रधान ने तोड़ा अनशन

संवाददाता, साढ़


अनशन पर प्रधान और उनके पति।

- विधायक ने बरसात के बाद कामों का दिया भरोसा
- नायब तहसीलदार भी राजस्व टीम के साथ पहुंचे

**अमृत विचार।** भीतरगांव विकास खंड क्षेत्र के कुंदौली ग्राम पंचायत की प्रधान प्रभा निगम और उनके पति अनिल निगम ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में विधायक अभिजीत सिंह सांगा के आश्वासन पर अनशन खत्म कर दिया। बरसात के बाद मांगें पूरी करने का वादा किया गया है।

प्रधान प्रभा निगम ने अवैध कब्जे हटवाने, कुंदौली से चिरली मार्ग के निर्माण, लेखपाल और कानूनगो द्वारा पैसे लेकर काम करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा था। कोई सार्थक पहल नहीं होने पर उन्होंने बुधवार को पंचायत भवन में अपने पति अनिल निगम के साथ अनशन शुरू कर दिया था और मांगें पूरी नहीं होने पर प्रधान पद से इस्तीफा देने की बात कही थी। गुरुवार को नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। क्षेत्रीय विधायक अभिजीत सिंह सांगा भी दोपहर बाद पहुंच गए और ग्राम प्रधान से वार्ता कर बरसात के बाद सभी मांगें पूरी कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक ने अपने हाथों से जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़वाया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# देररात तक होते रहे पोस्टमार्टम, घरों तक पहुंचाए गए शव

## तीन शवों का गुरुवार को कराया गया पोस्टमार्टम, एक घायल केजीएमयू रेफर, बाकी हुए डिस्चार्ज, पोस्टमार्टम हाउस में रही अफरा तफरी

फालोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दूध के टैंकर में पीछे से घुसी डबल डेकर स्लीपर बस में 18 लोगों की हुई मौत के बाद चार डाक्टरों की टीम ने रात ढाई बजे तक 15 शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया। जिन्हें उनके घर तक भेजने की व्यवस्था की गई। गुरुवार सुबह परिजनों के पहुंचने पर तीन अन्य शवों का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद उनके भी शव घर तक भेजे गए।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत के बाद कोहराम मच गया था। दिवंगतों में सभी बिहार प्रांत के लोग थे। इनमें अधिकांश रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली व इसके आसपास के शहरों में जाने के लिए निकले थे। शासन के निर्देश पर पोस्टमार्टम के लिए डा. आशुतोष वार्ष्णेय, डा. विकास सचान, डा. रवि सचान व डा. ब्रज कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी।

रात ढाई बजे तक 15 शवों के पोस्टमार्टम हुए। जिन्हें प्रशासन ने एंबुलेंस से उनके घरों को भिजवाया। परिजनों के आने पर गुरुवार को तीन शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हे एंबुलेंस से उनके घर भेजा गया। वहीं घायल हुए 19 यात्रियों में 14 को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। वहीं सात घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर और एक को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित छह का इलाज चल रहा था। गुरुवार को घायलों में बिहार प्रांत के शिवहर के थाना तरियानी के मौलागंज निवासी सद्दाम (35), थाना आमिरखान के गांव सिगौरी निवासी शबाना (40), उनकी बेटी नगमा (20), बहू चांदनी (22) और नौ माह की पौत्री सनाया की हालत में सुधार होने पर छुट्टी देकर घर भेजा गया। एक घायल बिट्टू के दाएं पैर में फ्रेक्चर और बाएं में चोट होने पर केजीएमयू भेजा गया है। प्रशासन ने घायलों को उनके घर पहुंचाने के लिए एसी बस की व्यवस्था कराई। डीएम गौरांग राठी, एडीएम न्यायिक विकास कुमार, तहसीलदार अविनाश चौधरी, एआरटीओ मौजूद रहे। नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने रास्ते के लिए भोजन, जूस व पानी की व्यवस्था कराई। कांग्रेस महिला विंग की मध्य जोन की अध्यक्ष व लखनऊ नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी ने भी घायलों का हालचाल लेकर उन्हें फल वितरित किए।


घायलों को घर भिजवाते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार


मरीज को ढांढस बंधाती कांग्रेस नेत्री ममता चौधरी। अमृत विचार


नौशाद आलम।


मो. मुर्तजा।

- दूध के टैंकर व बस में हुई भिड़ंत का मामला

### नौशाद मजदूरी व मुर्तजा दिल्ली में करता था सिलाई का काम

**उन्नाव।** हादसे में जान गंवाने वाले बिहार प्रांत के गांव रामपुर केशव जिला शिवहर निवासी मो. मुर्तजा (50) दिल्ली में मजदूरी करते थे। बड़े बेटे मो. शहनवाज ने कहा उसकी मौत की खबर से मां इशरत खातून घर पर बेहाल हैं। वहीं बिहार के नया गांव डुमरी निवासी नौशाद आलम (38) दिल्ली में वेस्टेन कपड़े की सिलाई करते थे।

### बस में देरी देख अपने साधन से चले गए दिवंगतों के परिजन

**उन्नाव।** जिला प्रशासन ने गुरुवार को तीनों शवों को एसी एंबुलेंस से भिजवा दिया था। जगह की कमी के चलते तीनों के एक-एक परिजन ही बैठ पाए। घायलों को ले जाने वाली बस से उन्हें भी भेजने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन, देर लगने की बात कह वह निजी साधन से चले गए।

# सरलता व निश्छलता से ही होगी ईश्वर की प्राप्ति

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


कथा सुनाते कथावाचक।

**अमृत विचार।** जब तक मन शुद्ध नहीं होगा, तब तक मुक्ति नहीं मिल सकती है। मन अगर शुद्ध हो गया तो चरित्र भी शुद्ध हो जाएगा और अगर चरित्र शुद्ध होगा तो श्रीकृष्ण तक अवश्य पहुंच जाओगे। बाल सुलभ सरलता एवं निश्छलता ही ईश्वर प्राप्ति की सच्ची योग्यता है। यह बातें कस्बा के एक गेस्ट हाउस में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा मे राष्ट्रीय कथावाचक श्री देवकीनंदन जी महाराज ने कही।

कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन वृंदावन से आए राष्ट्रीय कथावाचक श्री देवकी नंदन जी महाराज ने श्रीकृष्ण द्वारा की गई माखन चोरी की कथा सुनाई गई। माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोज माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते कि किस गोपी के घर माखन चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। बताया कि श्रीकृष्ण बचपन में नटखट थे। भागवत कथा के बीच में संगीतमयी भजनों की प्रस्तुती का दौर चला। वहीं आज मेरे अंगना मे आओ नन्दलाल मेरे गोपाल सुन्दर सा भजन सुनाया तो श्रोता मुग्ध हो गए। अंत मे कथावचक ने बकासुर का अंत, कालिया नाग की कथा का भी वर्णन किया। इस दौरान कथा पंडाल में मुख्य आयोजक घनश्याम दास गुप्ता, रिंकू गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सुरेश गुप्ता, रजत, उज्ज्वल, प्रेम तिवारी, गिरीश शुक्ला, फूल्लू गुप्ता आदि भागवत प्रेमी मौजूद रहे।

# विद्युत सप्लाई बाधित होने से परेशान किसानों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन विद्युत उपकेन्द्र अन्तर्गत आने वाले गावों में इन दिनों विद्युत सप्लाई नहीं हो पा रही है। इससे किसानों के ट्यूबवेल भी बंद पड़े हैं। जिससे उनकी फसल खराब हो रही है। इसे लेकर किसानों ने यूनियन के नेताओं के साथ उपकेन्द्र पर धरना दिया और एसडीओ को एक ज्ञापन सौपा।

इन दिनों क्षेत्र के गावों में रात को बिजली आती ही नहीं है और पूरा दिन फाल्ट ठीक करने में चला जाता है। जिससे गांव के लोग विद्युत सप्लाई न होने की समस्या से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि अब तो उन्हें केरोसिन भी नहीं मिलता है जिससे उनके घरों में रोशनी हो सके। वहीं, विद्युत सप्लाई न होने से गांव के छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इसकी शिकायत आए दिन उपकेन्द्र पर की जा रही है लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस समस्या को लेकर किसान यूनियन के नेता राजेश कुमार के नेतृत्व में किसानों ने उपकेन्द्र पर धरना दिया और गांव सुंदरपुर, फिरोजाबाद, चांदपुर और अन्य गावों में तार बदलने के साथ सप्लाई दुरुस्त कराने की मांगों का ज्ञापन एसडीओ को दिया।


उपकेंद्र पर धरना देते किसान। अमृत विचार

# अनफिट वाहनों के चलते जान गवांते हैं 10 फीसद लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- फॉगलाइट, हेड, बैक, पार्किंग लाइट व रिफ्लेक्टर न होने से होते हैं तमाम हादसे
- अनफिट गाड़ियां बेधड़क होकर सड़कों पर भर रही हैं फर्राटा, जिम्मेदार मौन

**अमृत विचार।** जिले में सड़क हादसों में आए दिन किसी न किसी की जान चली जाती है। इनमें ज्यादातर हादसे अनफिट वाहनों के चलते होते हैं। जिले में हजारों की संख्या में वाहन पंजीकृत हैं। जिसमें सैकड़ों वाहन अनफिट हैं। इसके बावजूद वे बेधड़क होकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। हालांकि, इन हादसों के अलग-अलग कारण होते हैं। लेकिन, इनमें एक सबसे अहम कारण वाहनों का अनफिट होना होता है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय में हजारों वाहन पंजीकृत हैं। इसमें से सैकड़ों वाहन अनफिट हैं। जो बिना फिटनेस के विभागीय अधिकारियों व ऐसे वाहनों के संचालकों की मिलीभगत से सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

कई बार इन वाहन संचालकों पर कार्रवाई भी होती है लेकिन, अधिकतर वाहन अफसरों की निगाह से बचकर सड़क पर चल रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों को अपनी चिंता नहीं और दूसरों के लिए भी जान का खतरा बने रहते हैं।


शहर में दौड़ती मानक विहीन बस। अमृत विचार



जर्जर हालत में खड़ी बस। अमृत विचार

### फिटनेस में यह चीजें होनी चाहिये

वाहन में फिटनेस कराने के लिए मिरर, हेड लाइट, साइड, रिफ्लेक्टर, बैक गियर में लाइट, फॉग लाइट, बैक लाइट, पार्किंग लाइट, कलर रिफ्लेक्टर पीयूसीसी की ओर से जारी प्रदूषण प्रमाण पत्र होना चाहिए। किसी वाहन की फिटनेस जांच कराने के लिए वाहन एआरटीओ कार्यालय लाना भी जरूरी होता है।

### समयसीमा पूरी कर चुके वाहन भी भर रहे फर्राटा

अपनी समयसीमा पूरी कर चुके सैकड़ों वाहन शहर समेत पूरे जिले में दौड़ रहे हैं। जबकि, प्रदूषण नियंत्रण के लिए इन्हें शहर के बाहर करने का आदेश है। जिले से गैर जनपद में बिना फिटनेस वाले बस, मैजिक, स्कूली बसें व ऑटो चल रहे हैं। इनकी विभागीय अफसरों की मिलीभगत के चलते चेकिंग भी नहीं होती।

### जिम्मेदारों को नहीं पता कितने वाहन हैं पंजीकृत

एआरटीओ कार्यालय में तैनात आरआई कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि कितने वाहनों की फिटनेस है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इसकी जानकारी के लिये कार्यालय आने पर ही कुछ बताया जा सकेगा।

# गड्ढे न भरने से आवागमन बाधित

संवाददाता परियर उन्नाव

- स्थानीय लोगों ने संबंधित अफसरों से की शिकायत लेकिन नहीं हुआ निस्तारण
- रोड खोदकर डाली गई है पाइप लाइन, अब कोई नहीं दे रहा है ध्यान

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में हर घर जल योजना से बैंक वाली गली में आरसीसी रोड खोदकर पाइप लाइन एक माह पहले डाली गई थी। इस रोड के गड्ढे खोदने के बाद भरे नहीं गए। जिससे बरसात में पूरी गली में कीचड़ बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है।

परियर क्षेत्र की बैंक वाली गली में हर घर जल योजना के तहत कई जगह गड्ढे खोदकर पाइप लाइन एक माह पहले डाली गई थी। इसके बाद गड्ढे में मिट्टी भरकर छोड़ दिया गया था। जिससे अब बरसात में रास्ता निकलने लायक भी नहीं बचा है। मोहसिन, ओमप्रकाश, अनिल, कल्लू स्वर्णकार आदि ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई किंतु अब तक किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसे लेकर जल निगम के एक्सईएन अजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही ठेकेदार से रास्ते के गड्ढे भरवाए जायेंगे।


परियर में बैंक वाली गली में भरा कीचड़। अमृत विचार

## मार्ग दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव नोनार निवासी कमलेश (30) उर्फ कमलू पुत्र राम लखन बीती बुधवार देरशाम साली के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने ससुराल थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव पाल्हेपुर जा रहा था। तभी रास्ते में भुड्डा-गहरपुरवा मार्ग स्थित गांव मुन्नी पुरवा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें कमलू गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे स्वास्थ्य केन्द्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए थे। जहां देररात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# प्रेमी युगल को मार पीट कर जहर देने का आरोप, भर्ती

संवाददाता औरास उन्नाव

- गैर समुदाय की महिला के साथ चला गया था युवक

**अमृत विचार।** अज्ञात कारणों से प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गम्भीर देख परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। वहां से रेफर कर दिया। परिजनों ने मारपीट कर जहर देने का आरोप लगाया।

औरास थानाक्षेत्र के अदौरा गांव निवासी 18 वर्षीय विशाल पुत्र दिनेश बीती सोमवार रात एक गैर समुदाय की महिला को भगा ले गया था। बताया जाता है कि उनमें प्रेम संबंध था। बीते बुधवार दोनों गांव लौट रहे थे। आरोप है कि गांव के बाहर एक किमी पहले महिला के ससुरालियों ने उन्हें खेत में खींचकर पीटा और जबरन दोनों को जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे दोनों की हालत बिगड़ने लगी। युवक ने ग्राम प्रधान को व एक अन्य युवक को फोन कर दो लोगों द्वारा मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाने की जानकारी दी। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक के परिजनों ने मारपीट कर दोनों को जहर देने का आरोप लगाया है। इसे लेकर एसओ अश्वनी मिश्र ने कहा कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप


मौके पर जांच करते कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह। अमृत विचार

### रजबहा में उतराता मिला वृद्ध का शव

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मिर्री चौराहा के पास से निकली शारदा नहर के पुरवा रजबहा में एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के गांव शंकर चक निवासी 65 वर्षीय जुग्गीलाल मजदूरी करते थे। जुग्गीलाल बड़े भाई मोहन के पास रहते थे। गुरुवार सुबह वह घर से पुरवा जाने की बात कहकर निकले थे। शाम पांच बजे शारदा नहर के पुरवा रजबहा किनारे खर पतवार में ग्रामीणों ने उनका शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पानी से बाहर निकलवाया और परिजन को सूचना दी।

### बंद पड़े मनरेगा योजना के कार्य शुरू कराने को पत्र जारी

**पुरवा उन्नाव।** विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य न कराए जाने पर खंड विकास अधिकारी ने संबंधित सचिवों को पत्र जारी कर दो दिन में कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये हैं। विकासखंड की 56 ग्राम पंचायतों में 46 में मनरेगा योजना के कार्य श्रमिकों से कराए जा रहे हैं। लेकिन 10 में मुरैता नवीन, बेवल मंशाखेड़ा, भूलेमऊ, चंद्रसेना, दरेहटा, लखमदेमऊ, ऊंचगांव सानी, पिजरा, सेमरीमऊ, टीकरकला में दो सप्ताह से मनरेगा योजना के कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस उमस भरी गर्मी की वजह से काम नहीं हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी डा. संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि गांव पंचायत के सचिवों को पत्र भेजा रहा है। जल्द मनरेगा के कार्य गावों में शुरू कराएं। ताकि श्रमिकों में रोजगार मिल सके।

### माचिस जलाते ही लीकेज सिलेंडर ने पकड़ी आग

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अकबरा पुर में कमरे में रसोई गैस सिलेंडर लीक हो रहा था। तभी अचानक माचिस जला देने से कमरे में आग लग गई। आग से नाना व उनकी तीन वर्षीय नातिन गंभीर रूप से झुलस गई। ग्राम अकबरा पुर निवासी रामकिशोर पुत्र महावीर के घर करीब चार दिन पूर्व उनकी बेटी संध्या के साथ नातिन संस्कृति आई थी। बीते दो दिनों से रामकिशोर के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रखा रसोई गैस सिलेंडर लीक कर रहा था। रसोई गैस की गंध आने पर गुरुवार सुबह बेटी संध्या ने गैस लीकेज होने की जानकारी पिता को दी। इस पर रामकिशोर लीकेज बंद करने कमरे में गए। तभी पीछे से उनकी तीन वर्षीय नातिन संस्कृति भी वहां पहुंच गई। लीकेज देखने के लिए रामकिशोर ने जैसे ही माचिस जलाई कमरे में भरी गैस ने आग पकड़ ली और सिलेंडर सहित कमरे में रखा अन्य सामान धू-धूकर जलने लगा। आग की चपेट में आकर नाना और नातिन गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन उन्हें बांगरमऊ सीएचसी लाए।

### करंट की चपेट में आई महिला झुलसी, रेफर

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोशा कुतुब निवासी रमजान अली की 35 वर्षीय पत्नी रेशमा गुरुवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी वहां रखा फर्राटा पंखा हटाते समय रेशमा करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। वहां से उसे रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर के नीचे दबा चालक, भर्ती

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव पंचमखेड़ा के मजरा लोधई निवासी 25 वर्षीय अनिल पुत्र रामऔतार गुरुवार सुबह सात बजे गांव के गंगा प्रसाद के बटाईदार केशन के कहने पर धान लगाने पानी भरे खेत को रोटावेटर से जोत रहा था। तभी ट्रैक्टर वहां फंस गया। जिसे वह निकाल रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर उस पर पलट गया। जिसमें दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नीचे दबा देख किसानों ने दौड़कर किसी तरह बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इनायतपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख रेफर कर दिया।

राम भरोसे स्टेशन की सुरक्षा | जिम्मेदार बीते छह माह से यूपीएस की बैट्री बदलने को बजट के आने का कर रहे हैं इंतजार

# रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी सर्विस धड़ाम, नहीं होती रिकार्डिंग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- फुटेज न मिल पाने पर मामलों का नहीं हो पाता खुलासा

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी सहित तमाम रेल अधिकारी यात्रियों को सुरक्षित व सुविधापूर्ण यात्रा का लाख दावा करें, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से सीसीटीवी सिस्टम लगा होने के बाद भी जरूरत पर फुटेज की रिकार्डिंग उपलब्ध नहीं हो सकती। जी हां आरपीएफ पोस्ट की लगातार रिपोर्टिंग के बाद भी रेलवे का एसएनटी डिपार्टमेंट रिकार्डिंग सिस्टम को क्रियाशील नहीं करा पा रहा है। इससे सर्विलांस एरिया में जेब कटिंग सहित मोबाइल चोरी की घटनाओं को खुलासा करना जीआरपी के लिए मुश्किल रहता है।

कई साल पहले लाखों रुपये खर्च कर प्लेटफार्म सहित स्टेशन के पूरे सर्कुलेटिंग एरिया को कवर करते हुए कुछ उच्च क्षमता सहित 40 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए थे। शुरुआत में यह सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से काम करते रहे। इधर बीते करीब छह माह से आरपीएफ पोस्ट में लगी स्क्रीन पर कैमरों के लाइव चित्र तो दिखाई देते हैं, लेकिन मोबाइल व अन्य सामान चोरों सहित छपटमारी सहित अन्य वारदातों को अंजाम देने वालों के सीसीटीवी फुटेज नहीं उपलब्ध हो पाते हैं। इससे न सिर्फ पीड़ितों को मायूसी का सामना करना पड़ता है, बल्कि रेल यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली जीआरपी को तमाम जद्दोजहद के बाद दायित्व निर्वहन में असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है। आरपीएफ पोस्ट लगातार इस संबंध में जिम्मेदार एसएनटी डिपार्टमेंट को पत्राचार सहित अन्य माध्यमों से इसकी रिपोर्टिंग कर रहा है। इसके बावजूद बजट के इंतजार में विभागीय कंसल्टिंग इंजीनियर सीसीटीवी सिस्टम की बंद रिकार्डिंग शुरू नहीं करा पा रहे हैं।



मुख्य प्रवेश द्वार पर लगा उच्च क्षमता का सीसीटीवी।


प्लेटफार्म-1 पर प्रवेश करते ही अलग-अलग दिशाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे। अमृत विचार

### आतंकी घटनाओं को लेकर संवेदनशील है स्टेशन

कई साल पहले नई दिल्ली से पुरी जाने वाली नीलांचल एक्सप्रेस के कई कोच यहां स्टेशन पर पटरी से उतर गए थे। घटना के बाद जांच एजेंसियों ने आतंकवादियों द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने को जांच में शामिल किए जाने की बात स्वीकार की थी। स्थानीय स्तर पर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक न हो पाने से इसका खुलासा नहीं हो सका था। लेकिन प्रदेश की राजधानी के साथ कानपुर महानगर से जुड़े होने से देशव्यापी अलर्ट जारी होने पर यहां प्रायः संयुक्त जांच अभियान चलाया जाता है। वहीं, पुष्पक एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर भी जांच-पड़ताल हो चुकी है।

### एजीएम एसएनटी बोले 20-25 दिन में समस्या होगी दूर

एसएनटी डिपार्टमेंट के एजीएम नितीश विक्रम के मुताबिक सिस्टम को डीजी पावर की उपलब्धता न होने से इसके संचालन को लगे यूपीएस से जुड़ी 40 बैट्रियां डीप डिस्चार्ज से खराब हो गई हैं, जिन्हें बदलने के लिए स्टीमेट तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। बजट मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज की रिकार्डिंग सिस्टम को सही किया जा सकेगा। 20-25 दिन में समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्नाव सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी इसी तरह की समस्या है।

### राष्ट्रीय खिलाड़ी का मोबाइल चोरी होने पर हुई जानकारी

शहर के मोती नगर निवासी बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी अर्चित सिन्हा बीते दिनों मोबाइल चोरी के शिकार हुए हैं। जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद उनके शिक्षक चाचा नवीन सिन्हा द्वारा सीसीटीवी फुटेज मांगने पर रिकार्डिंग फेल होने का खुलासा हुआ। जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल की बरामदगी के लिए सर्विलांस पर लगवाने का भरोसा दिलाया है। लेकिन घटना के तीन दिन बाद भी जीआरपी जहां की तहां खड़ी है। अर्चित के मुताबिक टिकट लेते समय मोबाइल चार्ज करते हुए चोरी हुआ था।

### चेतावनी बिंदु से 54 सेमी दूर गंगा का जलस्तर, शुक्लागंज की ओर 112 पर चेतावनी व 113 मीटर पर है खतरे का निशान

# चेतावनी बिंदु के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



जलस्तर दर्शाता केन्द्रीय जल आयोग का मीटरगेज।



बाढ़ के पानी से घिरे सैय्यद कम्पाउंड के मकान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पश्चिम के बांधों से बराबर पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा उफान पर हैं और शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु की ओर जलस्तर पहुंच रहा है, जिससे पश्चिमी क्षेत्र के निचले इलाकों के कई घरों के आस पास पानी भर गया है। इस कारण स्कूल जाने वाले बच्चे नाव से स्कूल जा रहे हैं। वहीं गंगा चेतावनी बिंदु से महज 55 सेंटीमीटर दूर है।

गुरुवार को भी तेजी से गंगा का जलस्तर बढ़ा। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि बुधवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 110.780 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद गुरुवार सुबह आठ बजे 111 मीटर को पार करके 111.290 मीटर पहुंच गया। जिसके बाद तेजी से जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई है दोपहर एक बजे जलस्तर में बढ़ोत्तरी हुई और 111.350 मीटर तक पहुंच गया। जिसके बाद शाम पांच बजे 111.450 मीटर तक पहुंच गया। जो शाम छह बजे 111.460 मीटर दर्ज किया गया। जो चेतावनी बिंदु से 112 मीटर से 54 सेंटीमीटर दूर हैं। शुक्लागंज की ओर 112 मीटर चेतावनी बिंदु और 113 मीटर खतरे का निशान है। जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, सैय्यद कम्पांउंड, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वहीं पश्चिमी इलाकों के निचले क्षेत्रों में पानी भरा होने के कारण स्कूल आने जाने वाले बच्चों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वहीं केन्द्रीय जल आयोग की माने तो अभी इसी तरह गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी जारी रहेगी। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोागें को बाढ़ का दंश इस साल भी झेलना पड़ सकता है।

### मिश्रा कॉलोनी की खुली बाढ़ चौकी

गंगा का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है, जिसे देखते हुये गुरुवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर मिश्रा कॉलोनी स्थित नवीन बाढ़ केन्द्र को खोला गया है। जहां लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ चौकी में बराबर राजस्व कर्मी मौजूद रहेंगे।



बाढ़ रोकने को लगाए गए धंसे बोल्डरों को जेसीबी से ठीक करते श्रमिक। अमृत विचार

### एक बारिश नहीं झेल सके बाढ़ रोकने को लगाए गए बोल्डर

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** सिंचाई विभाग द्वारा तटवर्ती गावों को कटान से बचाने के लिए लगवाए गए बोल्डर पहली ही बारिश में धंस गए। प्रशासनिक अफसरों के दबाव में कोपभाजक बनने से बचने के लिए विभाग ने नए सिरे से पत्थर लगवाने शुरू किये हैं। मानसून आते ही कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों की जान सांसत में आ जाती है। बाढ़ की चिंता उन्हें लगातार बेचैन किए रहती है। ग्रामीणों का बाढ़ के चलते पलायन रोकने के लिए सिंचाई विभाग ने गंगा नदी के सबसे नजदीकी हिंदूपुर व दबौली बाजार गावों में कटान रोकने के लिए पत्थर लगवाए हैं। जो बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते मिट्टी में धंस गए हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी ने कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर बनी पुलिया के आसपास ही नहीं सड़क कटान के लिए चिन्हित स्थानों पर भी बोल्डर लगवाए हैं। साथ ही जल निकासी के लिए नाली निर्माण कराया गया है। बारिश के चलते धंसे बोल्डर नए सिरे से रखवाए जा रहे हैं।

## भारतीय क्रिकेटर चाइनामैन बोले, और नेता जी कैसे हो

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



कुलदीप यादव को पुष्पगुच्छ भेंट करते इशांत तिवारी।

**अमृत विचार।** 17 साल बाद भारत को आईसीसी टी-20 विश्वकप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारत के चाइनामैन के नाम से प्रसिद्ध खिलाड़ी कुलदीप यादव कानपुर स्थित अपने घर पहुंचे। जहां गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर निवासी सपा प्रबुद्ध सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष से मुलाकात की। जहां कुलदीप ने कहा कि और नेता जी कैसे हो! जिसके बाद भारत की जीत की खुशियों को साझा कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बाएं हाथ के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की। उन्होंने इस बड़े टूर्नामेंट में 5 मैच खेलते हुये 10 विकेट हासिल करते हुए जीत में अपना अहम योगदान दिया। टीम को विजयी बनाने के बाद वह कानपुर स्थित अपने घर पहुंचे। जहां शुक्लागंज में रहने वाले सपा प्रबुद्ध सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष इशांत तिवारी उनसे मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने कुलदीप को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुये विश्वकप जीत की बधाई दी। मैं चाहता हूं कि टीम अगले आईसीसी टूर्नामेंट (चैम्पियंस ट्रॉफी) में भी इसी तरह का प्रदर्शन करे और अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलकर आइसीसी की ट्राफी अपने नाम करें।

## बढ़ते जल स्तर ने उड़ाई तटवर्ती लोगों की नींद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



परियर क्षेत्र के माना बंगला आबादी के पास पहुंचा गंगा का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मद्देनजर बांधों का पानी छोड़े जाने से यहां गंगा नदी के जल स्तर में लगातार वृद्धि होती जा रही है। इससे नदी के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी भरने की संभावना बढ़ रही है। जिससे ग्रामीणों की नींद हराम हो रही है।

परियर संवाददाता के अनुसार, अधिक वर्षा के चलते ऊपर से पानी छोड़ने का सिलसिला जारी है। इससे पिछले कुछ दिनों से गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जल स्तर बढ़ने से नदी का पानी गांवों की बढ़ रहा है। गंगा की बाढ़ का पानी क्षेत्र के माना बंगला गांव के करीब पहुंचने के साथ ही अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल आसपास भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बाढ़ की संभावना को देखते हुए देबीपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्तू पुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, जूड़ापुरवा व पटियरा गांव के लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय बाशिंदों राजकुमार, विपिन, संजय, कमलेश, विनोद, निवाजी, सुंदर, रमेश, गुड्डू, पप्पू, रामकिशन, भानु तिवारी, पूतू आदि के मुताबिक बाढ़ आने पर खेतों में पानी भरने से लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेम व करेला आदि सब्जियों की फसल बर्बाद हो जाएगी।

- लेखपाल कर रहे निगरानी और लोगों को दे रहे चेतावनी

फतेहपुर चौरासी संवाददाता के अनुसार, जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने कटरी के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने जल स्तर बढ़ने का सिलसिला न थमने से गंगा रेती में बोई गई फसल नष्ट होने की आशंका जता परिवारों का पेट पालना मुश्किल होने की बात कही। क्षेत्र के हिंदूपुर, दबौली बाजार व नया बंगला आदि गांवों का भ्रमण कर लौटने के बाद ब्लाक प्रमुख ने दावा किया कि क्षेत्रीय सांसद की पहल पर सिंचाई विभाग ने नदी के तट पर कटान वाले स्थानों पर निधि से उपलब्ध धनराशि से बोल्डर लगवाए हैं।

## पति की पिटाई से तंग महिला ने गंगा में लगाई छलांग, बचाया

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम कॉलोनी मोहल्ले में रहने वाली एक महिला का अपने पति से विवाद हो गया। जिस पर पति ने उसकी पिटाई कर दी। जिसके बाद महिला नवीन पुल पर पहुंची और गंगा में छलांग लगा दी। तट पर मौजूद गोताखोरों ने उसे किसी तरह बचा लिया।

सीताराम कॉलोनी निवासी एक 50 वर्षीय महिला का गुरुवार शाम पति से विवाद हो गया, जिसके बाद पति ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट से क्षुब्ध महिला शाम के समय नवीन पुल पर पहुंची, जहां फुटपॉथ पर टहलने के बाद उसने नवीन पुल से गंगा में छलांग लगा दी। तट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में कूदे और उसे बाहर निकाला। महिला ने बताया कि आये दिन उसका पति किसी न किसी बात को लेकर मारता पीटता है। उसी से क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया है।

## जिलाधिकारी ने योजनाओं का किया अनुश्रवण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कहा, सीएम की प्राथमिकता वाले कार्यो पर हो अमल

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यों के मूल्यांकन व अनुश्रवण बैठक में सीएम डैशबोर्ड सहित शासन की प्राथमिकताओं में शामिल विभिन्न बिंदुओं संबंधी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम की प्राथमिकताओं वाले विकास कार्यों व योजनाओं पर संजीदगी से अमल करना चाहिए ।

डीएम ने श्रम विभागीय योजनाओं, सोलर लाईट, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, एमओयू मानीटरिंग, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने, विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एंबुलेंस, चिकित्सा सुविधाएं, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, एमडीएम, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, गर्भाधान, मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना व सीएम स्वरोजगार योजना आदि की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गतिमान कार्ययोजनाओं का विभागाध्यक्ष स्वयं अनुश्रवण करें, जिससे धांधली व मनमानी पर अंकुश रहे। सीएम डैश बोर्ड की सीएम स्तर से स्वयं समीक्षा करते हुए जिलावार रैंकिंग तय की जाती है। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पांडेय, पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन हरदयाल अहिरवार व सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### मोहर्रम पर शांति बनाए रखने को एसपी ने किया पैदल मार्च

**पुरवा।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने गुरुवार शाम आगामी मोहर्रम को लेकर कोतवाली पुलिस के साथ कस्बे में रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। रूट मार्च कस्बे के बस स्टॉप, चमियानी रोड, हटिया रोड, वजीरगंज, राजा बाजार, कस्टोलवा, शीतलगंज, मिर्री चौराहा आदि स्थानों पर किया गया। एसपी ने बिना हेलमेट लगाए दो बाइक सवारों का चालान कराया। साथ ही कस्बे के लोगों से त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व आपसी सौहार्द के साथ मानने की अपील की।

### बंगाल का लापता इंजीनियर तीन माह बाद कानपुर में मिला

**शुक्लागंज उन्नाव।** पश्चिम बंगाल के जिला मालदा के थाना मनिकवच क्षेत्र के धर्मपुर निवासी साधन चन्द्र झा का बेटा इंदनिल झा पानीपत में इंडियन ऑयल कम्पनी में जूनियर इंजीनियर है। 20 अप्रैल को वह घर जाने के लिये ट्रेन में बैठा था। जिसके बाद वह किसी तरह रास्ता भटक गया और शुक्लागंज पहुंच गया। जिस पर शुक्लागंज के प्रेमनगर निवासी एक युवक के ई रिक्शा में बैठकर कानपुर जा रहा था, इंजीनियर को कानपुर न ले जाकर ई रिक्शा चालक ने मारा पीटा। जहां मोबाइल छीन लिया। इतना ही नहीं उसके खाते से 4000 रुपये भी निकाले गये। बेटे ने रेल बाजार के पास पूड़ी सब्जी के ठेले में काम करने वाले सूरज के फोन से दो दिन पहले अपनी मां को फोन मिलाया। जिसके बाद उसे गंगाघाट थाने लाये और परिजनों को सौंप दिया।

### आरोपी को पकड़ने के लिये पश्चिम बंगाल पुलिस ने दी दबिश

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को पकड़ने के लिये गुरुवार को सुबह से देर रात तक पश्चिम बंगाल की पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिशे दी लेकिन युवक का कहीं कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को नगर के पोनी रोड क्षेत्र में पश्चिम बंगाल की पुलिस ने छापेमारी करते हुये एक युवक को पकड़ने के लिये रविदास नगर, गंगा नगर समेत अन्य स्थानों पर दबिशें दीं। पुलिस से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं बताया। बताया जाता है कि वार्ड 10 के गंगा नगर स्थित सुंदर बगिया में रहने वाले एक युवक की तलाश में पहुंची थी, लेकिन वहां पुलिस को ताला लगा मिला।

### कांग्रेसियों ने पौधरोपण कर दो मिनट का रखा मौन

**शुक्लागंज उन्नाव।** उन्नाव में मार्ग दुर्घटना में मृत लोगों की आत्मा शांति के लिए नगर कांग्रेस कमेटी ने शोक सभा का आयोजन किया। इसके साथ ही फलदार और छांवदार पौधे लगाये। गुरुवार शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेलवे ढाल स्थित तिकुनिया पार्क में तमाम प्रकार के पौधे लगाये। इसके साथ ही पौधों को संरक्षित रखने के लिये संकल्प भी लिया। जिसके बाद उन्नाव में बस मार्ग दुर्घटना में मृत लोगों की आत्मा शांति के लिए कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान रविशंकर गुप्ता, पुत्तीलाल वर्मा, मुन्ना सोनी, जयपाल साहू, रामकिशोर पाल आदि रहे।

### आमने-सामने टकराई बाइकें, दो गंभीर

**औरास।** हरदोई जिला के थाना कासिमपुर के गांव तेरवा निवासी साकेत पुत्र विब्बू बाइक से केशाना (68) पत्नी सरजू निवासी बिहारीपुर कासिमपुर को बैठाकर औरास थानाक्षेत्र में एक गांव में रिश्तेदारी में आए हुए थे। मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न होने पर घर जा रहे थे। तभी चंद्रशेखर आजाद चौराहे पर बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर रोड पर गिर पड़ा। दोनों का इलाज के बाद बाइक चालक साकेत को गंभीर देख रेफर कर दिया गया।

### शराब न लाने पर पिता-पुत्र ने युवक को पीटा

**गंजमुरादाबाद।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव छोटी रूरी निवासी संदीप पुत्र महेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि गांव निवासी राहुल उसके भाई से शराब लाने का दबाव डाल रहा था। भाई ने मना किया तो नाराज होकर उसने भाई को पीट दिया। यहां तक आरोपी अपने पिता के साथ शाम को उसके घर के बाहर पहुंच गया और मारपीट की।

### पालिका ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसे देखते हुये गुरुवार को पालिका के वार्ड 11 में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

## शिक्षिका पर हमले के दोषी को 20 माह का कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे अभिवावक ने शिक्षिका पर हमला कर घायल कर दिया था। गुरुवार को मुकदमे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे 20 माह की सजा दी।

असोहा थानाक्षेत्र के संडेली गांव निवासी सीताराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी बहू असोहा ब्लाक के कालूखेड़ा गांव में प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षिका है। नौ अक्टूबर-2004 को वह विद्यालय में बच्चों को पढ़ा रही थी। तभी दोपहर करीब 1.45 बजे कालूखेड़ा गांव निवासी सुरेश वहां आया और स्कूल में पढ़ने वाले उसके बेटे का वजीफा और गेंहू संबंधी रजिस्टर दिखाने की बात कही थी। इस पर बहू ने अधिकारी को ही विभागीय रजिस्टर दिखाने की बात कही तो सुरेश क्रोधित हो गया और हाथ में पकड़े चाकू से बहू की पीठ व पेट पर वार कर घायल कर दिया था। शोर सुन ग्रामीण दौड़े तो वह भाग निकला था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता मनोज की दलील व साक्ष्य के आधार पर एडीजे डा. सत्यवान ने सुरेश को दोषी ठहराते हुए 20 माह की सजा सुनाई ।

## रंजिश को लेकर युवक का सिर फोड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के महानंद पुरवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार रात दबंगों ने एक युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसका सिर फट गया।

महानन्द पुरवा में निवासी राजेश ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गांव के रहने वाले मनोज से उसकी रंजिश चली आ रही है, उसी को लेकर बुधवार रात लगभग नौ बजे मनोज घर के बाहर गाली गलौज कर रहा था, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर मनोज ने अपने भाई कुलदीप के साथ मिलकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसका सिर फट गया।

## ट्रेनों के निकलने से बैराज मार्ग पर एक घंटे तक लगा रहा भीषण जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



सरैयां क्रासिंग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर बैराज मार्ग पर ट्रेनों के निकलने के कारण क्रासिंग बंद रही। जिस कारण जाम की स्थिति बनी रही। एक घंटे लगे जाम में फंसकर वाहन सवार परेशान हो गये। वाहनों का भार कम होने के बाद जाम खुल सका। जिस पर राहगीरों ने राहत की सांस ली।

दोपहर करीब डेढ़ बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक मालगाड़ी निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मालगाड़ियों के निकलने के बाद क्रासिंग खुली। जिस पर वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे और आड़े तिरछे वाहन लगा दिये। जिससे जाम लग गया। जिस पर गेटमैन ने एक-एक कर वाहनों को निकाला। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इस दौरान ढाई बजे तक जाम लगा रहा। जाम में तमाम वीआईपी और राहगीर फंसे रहे।

**मार्ग दुर्घटनाएं** एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ क्षेत्र में तीन माह में 26 लोगों ने गंवाई जान

# नियमों की अनदेखी कर वाहन दौड़ाने से बढ़े हादसे

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



एक्सप्रेस-वे पर जांच के दौरान मातहतों से जानकारी लेते एडीजी ट्रैफिक।

**अमृत विचार।** बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ-एक्सप्रेस वे पर यातायात नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भरना लोगों पर भारी पड़ रहा है। इसमें बीते तीन माह में वाहन चालकों सहित 26 लोग असमय अपनी जान गवां चुके हैं। यदि नियम तोड़ने वालों पर कड़ाई की जाए तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती थी।

बीते बुधवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दूध टैंकर को ग़लत लेन से ओवरटेक करने के चक्कर में एक डबल डेकर स्लीपर बस टैंकर से टकरा गई थी। बस के दाहिने हिस्से के परखच्चे उड़ गए थे। हादसे में टैंकर और बस चालक सहित दाएं ओर सीटों पर गहरी नींद में सो रहे तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित कुल 18 व्यक्तियों की मौत हुई थी और 19 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बीती छह जुलाई को भी एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार लोडर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। इसी तरह जुलाई में एक्सप्रेस-वे पर गौरिया कलां गांव के सामने ट्रक चालक लघुशंका करने नीचे उतरा। तभी तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी जान चली गई। 23 जून को एक्सप्रेस-वे पर ही गांव सबली खेड़ा के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलटने से चालक की मौत हुई थी। इससे दो दिन पहले गांव जोगीकोट के पास गलत लेन पर चल रहे एक बाइक सवार भी हादसे में अपनी जान गवां चुका था। इस घटना के पहले 20 मई को लोडर का पंचर टायर बदलते समय अज्ञात वाहन ने चालक को रौंद दिया था। वहीं, 20 अप्रैल को एक्सप्रेस-वे पर गांव सबली खेड़ा के सामने हरियाणा से जौनपुर जा रही ट्रैवलर बस तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इसमें तीन यात्रियों की मौत हुई थी और कई यात्री घायल हुए थे। एक्सप्रेस-वे पर अधिकांश हादसे तेज रफ्तार और निर्धारित लेन के उल्लंघन से हो रहे हैं। लेकिन यातायात पुलिस, परिवहन विभाग या क्षेत्रीय थानों की पुलिस की लापरवाही के चलते अकाल मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### एडीजी ट्रैफिक ने की हादसे की जांच

**बांगरमऊ।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को हुए सड़क हादसे की एडीजी ट्रैफिक के सत्यनारायण जांच करने पहुंचे। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे पर पीतमपुरा चौकी पुलिस के साथ ही अन्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर वाहनों की जांच का अभियान चलाएं। इसमें विशेष रूप से शराब या अन्य नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर उनके वाहन सीज करने के निर्देश दिए।

## गोलीकांड का एक और आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के सुखलाल खेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इसके साथ ही कई राउंड फायरिंग भी हुई थी। पुलिस ने दो को जेल भेजा है। वहीं तीसरे आरोपी को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है।

सुखलाल खेड़ा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने के साथ ही कई राउंड हवाई फायरिंग हुई थी। जिस पर जाजमऊ चौकी प्रभारी राजीव भदौरिया की तहरीर पर 14 नामजद व 20 अज्ञात समेत 34 के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को शोभित यादव और मोनू यादव को जेल भेज दिया था। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि गुरुवार को भिटवा निवासी निर्मल निषाद को पीपर खेड़ा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये दबिशे दी जा रही हैं।

## बीआरसी पर एकत्र शिक्षकों ने दिखाई ताकत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



विरोध प्रदर्शन करतीं जिले के सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक की शिक्षिकाएं।

**अमृत विचार।** लंबित मांगे पूरी किए जाने के बाद ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की जिद पर अड़े परिषदीय शिक्षकों ने जिले की विभिन्न बीआरसी पर एकत्र होकर शक्ति प्रदर्शन किया। विद्यालय अवधि बीतने के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं तय स्थानों पर पहुंचना शुरू हो गए। इस दौरान जिला पदाधिकारियों सहित ब्लाक स्तरीय शिक्षक नेताओं ने साथियों को संबोधित करते हुए आंदोलन विफल करने की साजिशों के प्रति सचेत किया।

शिक्षक-शिक्षिकाएं अन्य राजकीय कर्मचारियों की तरह विभिन्न अवकाश सहित निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा की लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं। अब डिजिटालाइजेशन के युग में पोर्टल पर आन लाइन उपस्थित दर्ज और एमडीएम सहित 12 डिजिटल पंजिकाओं के उपयोग का अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, जिसके विरोध में मोर्चा खोलकर शिक्षक नेता लंबित मांगे पूरी करने की जिद पर अड़े हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला इकाई के निर्देशन में गुरुवार को अलग-अलग सभी 16 ब्लाक क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक बीआरसी पर एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय, महामंत्री गजेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता मदन कुमार पांडेय, अभिषेक मिश्र, विश्वनाथ सिंह, सूर्यकांत यादव व संजय कुमार कनौजिया आदि ने अलग-अलग बीआरसी में क्षेत्रीय शिक्षकों को संबोधित किया।

पुरवा संवाददाता के अनुसार, क्षेत्रीय शिक्षकों ने बीआरसी पर हुई बैठक में अवकाश व चिकित्सा सुविधा न दिए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि लंबित मांगे पूरी होने के बाद ही शासन के आदेश पर अमल होगा। प्रदर्शनकारियों ने ब्लाक अध्यक्ष संदीप द्विवेदी, रामकरन मौर्य, फूलचंद्र, राकेश वर्मा, रामबाबू विमल व सौरभ सहित अन्य शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक आदि ने प्रदर्शन किया।

